






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 । अंक: 250

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

सोमवार । 24 जून, 2024


**शुभारंभ: पहले दिन ही हो सकता है ये विवाद, प्रधानमंत्री सुबह मीडिया को करेंगे संबोधित**

# आज से शुरू होगा संसद सत्र

## पीएम मोदी समेत 280 सांसद पहले दिन लेंगे शपथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से प्रारंभ होने जा रहा है। आज सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अगले दिन अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके बाद थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। परंपरा के तहत प्रधानमंत्री आज सुबह 10 मीडिया को संबोधित करेंगे। इसी दौरान प्रोटेम स्पीकर को राष्ट्रपति शपथ दिलाएंगी। प्रोटेम स्पीकर 11 बजे सदन की बैठक आयोजित करेंगे। सबसे पहले प्रधानमंत्री और नेता सदन नरेन्द्र मोदी, उसके बाद प्रोटेम स्पीकर को सहयोग करने के लिए बने पैलन के सदस्य और फिर मंत्रियों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। अगले दिन लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।



### 10 साल बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी मिलेगी

लोकसभा में इस बार नेता प्रतिपक्ष भी होगा। पिछले 10 साल से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है, क्योंकि 2014 के बाद से किसी भी विपक्षी दल के 54 सांसद नहीं जीते। मावलंकर नियम के तहत नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोकसभा की कुल संख्या 543 का 10 प्रतिशत यानी 54 सांसद होना जरूरी है। 16वीं लोकसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे 44 सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल के नेता थे, लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं था। 17वीं लोकसभा में 52 सांसदों की अगुआई अधीर रंजन चौधरी ने की थी। उन्हें भी कैबिनेट जैसे अधिकार नहीं थे।

### जेल में बंद सांसद कैसे शपथ लेंगे

जेल में बंद निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेने के लिए पैरोल दी जाती है। इसके लिए संसद सचिवालय की तरफ से पहले जेल प्रशासन को सूचना देनी पड़ती है। इसमें बताया जाता है कि शपथ लेने वाला सांसद आपकी जेल में बंद है, उसे संसद में आकर शपथ लेने की परमिशन दी जाए। शपथ लेने के बाद सांसद वापस जेल चले जाते हैं। हालांकि, वे सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

### 40 दिन छोटा होगा सत्र

पिछली 17वीं लोकसभा की तुलना में 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 40 दिन छोटा है। 2019 में नरेंद्र मोदी ने 30 मई को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और 17 जून को संसद का पहला सत्र शुरू हो गया था। हालांकि, इसमें नई सरकार का बजट सत्र भी शामिल था। वहीं इस बार 9 जून को पीएम का शपथ ग्रहण हुआ और पहला सत्र 15 दिन बाद शुरू हुआ।

### प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे

- स्पीकर का पद नई लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले खाली हो जाता है। लोकसभा की कार्यवाही चलाने के लिए राष्ट्रपति प्रोटेम स्पीकर चुनते हैं।
- प्रोटेम स्पीकर ही लोकसभा की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हैं। आमतौर पर सदन के वरिष्ठतम सदस्य को इस पद पर नियुक्त किया जाता है।
- प्रोटेम स्पीकर सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति के सामने शपथ लेते हैं। फिर नए सांसदों को शपथ दिलाते हैं। वह स्थायी रूप से संसद चलाते हैं। नए स्पीकर के चुनाव के साथ उनकी सेवा समाप्त हो जाती है।
- इस बार बीजेपी के ओडिशा से लगातार 7 बार के सांसद भर्तृहरि महताब प्रोटेम स्पीकर बने हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के सांसद लगातार नहीं जीते हैं, इसलिए उनकी वरिष्ठता का आधार नहीं बनता।

### विपक्ष का नेता हर बड़ी नियुक्ति में शामिल

सदन के नेता के बराबर ही नेता प्रतिपक्ष को तरजीह मिलती है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में भी उन्हें शामिल किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता पीएम करते हैं। नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग, सीवीसी और सीबीआई के प्रमुखों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में भी शामिल हो जाता है। लोकसभा की लोक लेखा समिति का अध्यक्ष भी आमतौर पर नेता प्रतिपक्ष को ही बनाया जाता है। इस समिति के पास पीएम तक को तलब करने का अधिकार होता है। सदन के भीतर प्रतिपक्ष के अगली, दूसरी कतार में कौन नेता बैठेगा, इसकी राय भी विपक्ष के नेता से ली जाती है।

### 26 जून: लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा

- **भाजपा:** 17-18 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें लोकसभा स्पीकर को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा चाहती है कि स्पीकर उनकी पार्टी का हो। बीजेपी ओम बिड़ला को दूसरी बार स्पीकर बना सकती है। राजस्थान के कोटा से सांसद बिड़ला पिछली बार भी लोकसभा अध्यक्ष थे।
- **एनडीए:** भाजपा के सहयोगी दल जेडीयू और टीडीपी के बीच स्पीकर पद को लेकर मांग उठी थी। बाद में जेडीयू ने घोषणा कर दी है कि वह भाजपा के किसी भी फैसले का समर्थन करेगी। टीडीपी ने एनडीए उम्मीदवार की वकालत की है। यानी अभी खुलकर कुछ भी कहने से परहेज किया है।
- **विपक्ष:** इंडिया ब्लॉक इस बार डिप्टी स्पीकर पद की मांग करेगा। चर्चा है कि अगर विपक्ष को डिप्टी स्पीकर पद नहीं मिलता है तो विपक्षी खेमा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतारेगा। डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने की परम्परा रही है। 16वीं लोकसभा में एनडीए में शामिल रहे अन्नाद्रमुक के थंबीदुरई को यह पद दिया गया था। जबकि, 17वीं लोकसभा में पद खाली रहा।
- **टकराव की आशंका:** भाजपा स्पीकर पद पर सहमति के लिए विपक्ष को अपने कैंडिडेट का नाम प्रस्तावित करेगी। अगर विपक्ष सहमत नहीं हुआ तो अपना उम्मीदवार उतारेगी। ऐसी परिस्थिति में स्पीकर के लिए चुनाव करना पड़ेगा।

### 27 जून: राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण

27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा में सुबह 11 बजे अभिभाषण देंगी। इसमें केंद्र सरकार के अगले 5 साल के कार्यक्रम का रोडमैप पेश करेंगी। 17वीं लोकसभा में तब के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दोनों सदन को 1 घंटे संबोधित किया था। इसी दिन राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू हो जाएगा। इस साल 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटें खाली हुईं थीं। जिनमें 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत गए। वहीं फरवरी में 15 सीटों पर हुई वोटिंग में यूपी की 8 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की, सपा को दो सीट मिलीं। कर्नाटक में कांग्रेस को 3, भाजपा को 1 मिली थी। वहीं हिमाचल की एक सीट भी भाजपा के खाते में आई थी।

### 1-3 जुलाई: संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। विपक्ष नीट परीक्षा गड़बड़ी, यूजीसी नेट एप्जाम कैंसिलेशन और अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।

# अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डॉ. मुखर्जी: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर की पुष्पांजलि
- बोले, धारा-370 हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूरा
- देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी ने पद छोड़कर शुरू किया था आंदोलन: योगी
- बोले, कांग्रेस ने राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का किया था कुत्सित प्रयास
- सीएम योगी ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था। डॉ. मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

### मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने हटाई धारा-370

सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सन्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी न्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उन्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकान्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

# आकाश आनंद फिर उत्तराधिकारी घोषित

## बसपा सुप्रीमो मायावती का एलान, राष्ट्रीय संयोजक का पद भी किया बहाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आकाश आनंद एक बार फिर से बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर बन गए हैं। सोमवार को लखनऊ में हुई बैठक में यह फैसला किया किया। मायावती ने आकाश आनंद को वापस से वही पद सौंप दिया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि बसपा आने वाले चुनावों में मजबूती के साथ लड़ती हुई दिखेगी। साथ ही वह किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन करने नहीं जा रही है। वह अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

### दूर हुई मायावती की नाराजगी

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की भतीजे आकाश आनंद से नाराजगी दूर हो गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव में हार के बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की। बैठक में भतीजे आकाश ने मायावती के पैर छुए।



### एक दिन पहले बने थे स्टार प्रचारक

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराखंड व पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया था। लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार की रविवार को होने वाली समीक्षा बैठक से पहले उनके इस फैसले को अहम माना जा रहा था। इस फैसले ने इस बात का इशारा दे दिया था कि आकाश आनंद की सक्रिय राजनीति में वापसी होने जा रही है।

### चुनाव दौरान हटे थे पद से

लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी एक स्पीच के बाद मायावती ने उन्हें इस पद से हटा दिया था। तब मायावती ने कहा था कि उन्हें अनुभव नहीं है। अभी उन्हें अनुभव हासिल करना होगा

# सुकमा में आईईडी ब्लास्ट में दो जवानों का बलिदान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सुकमा

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सलियों करतूत सामने आई है। सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है। नक्सलियों ने जवानों के ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण



ने मामले की पुष्टि की है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में अब सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र के सिलगेर कैम्प से कोबरा 201 वाहिनी की एडवांस पार्टी का मूवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर साइकिल से कैम्प टेकलगुडेम की तरफ था। सिलगेर व टेकुलगुडम जाने के रास्ते मे नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट किया गया था। मूवमेंट के दौरान रविवार दोपहर तीन बजे के करीब आईईडी की चपेट से कोबरा 201 वाहिनी के ट्रक जिसमें चालक और सहचालक जवान मौके पर बलिदान हो गए। बताया गया है कि जवानों में विष्णु आर और शैलेंद्र शामिल हैं। बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।

# बाइक सवार को बचाने में गड्ढे में पलटी बस, 40 यात्री थे सवार, 20 लोग घायल, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

चोलापुर थाना क्षेत्र में बलरामगंज पेट्रोल पंप के ठीक सामने रोडवेज की अनुबंधित बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत और 20 से अधिक यात्री घायल बताएं जा रहे हैं। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है। कुछ लोगों को बीएचयू भी ले जाया गया है। 108 एंबुलेंस के जिला



प्रभारी विकास तिवारी के नेतृत्व में 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची है। विकास ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो मरीजों को जिला अस्पताल भेजा गया है। बाकी मरीजों को सीएचसी चोलापुर ले जाया गया है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि सीएचसी चोलापुर में इलाज कराया जा रहा है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट: लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन को देखते हुए दोषियों पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने सख्त कार्रवाई का मन बना लिया है**

# अब एक के बाद एक गिरेंगे यूपी भाजपा के 'विकेट'

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

- जल्द ही प्रदेश स्तर पर संगठन में व्यापक फेरबदल देखने को मिलेगा
- इस कारण प्रदेश के कई बड़े चेहरों पर कार्रवाई हो सकती है
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने दिल्ली जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को विस्तार से जानकारी दी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन के कारण और दोषियों पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने सख्त कार्रवाई का मन बना लिया है। अभी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां जुटा जा रही हैं। जल्द ही प्रदेश स्तर पर संगठन में व्यापक फेरबदल देखने को मिलेगा। इस कारण प्रदेश के कई बड़े चेहरों पर कार्रवाई हो सकती है। यूपी के लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन ने बीजेपी आलाकमान ने गंभीरता से लिया है। संगठन द्वारा लचर चुनावी प्रबंधन और प्रदर्शन से हुए नुकसान को झेल रही यूपी बीजेपी के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने शनिवार को दिल्ली जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मीटिंग की जिसमें उन्होंने



चुनाव प्रदर्शन को लेकर सफाई पेश की है। लगभग 35 मिनट तक यह बैठक चली जिसमें दोनों ने चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा की। अब इस बैठक के बाद अंदाजे लगाए जा रहे हैं कि इन चर्चाओं के बाद अब संभावना है कि अगले माह में ही संगठन में बदलाव देखने को मिले। ऐसी संभावना है कि यूपी में 15 जुलाई के बाद ही बीजेपी संगठन में बदलाव देखा जा सकेगा।25 जून के करीब सभी समीक्षा रिपोर्ट आ जाएंगी जिसके बाद इन रिपोर्ट का आकलन किया जाएगा और फिर केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश में बदलाव लाने संबंधी कार्रवाई कर सकता है।

### अयोध्या की हार को लेकर और वाराणसी में पीएम नरेंद्र मोदी की कम अंतर वाली जीत पर विशेष चर्चा

हार की वजहों की पड़ताल करने वाली रिपोर्ट को लेकर जानकारी भी इस दौरान दी गई। सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष ने नड्डा के समक्ष पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी ली साथ ही, ऐसे प्रदर्शन की वजहें भी उन्होंने गिनवाई हैं। सूत्रों की मानें तो बीजेपी केन्द्रीय मुख्यालय में भूपेन्द्र चौधरी और जेपी नड्डा के बीच विशेष चर्चा अयोध्या की हार को लेकर और वाराणसी में पीएम नरेंद्र मोदी की कम अंतर वाली जीत को लेकर हुई है। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हार के संबंध में दिए फीडबैक में नौकरशाही की मनमानी और मतदाता सूची में गड़बड़ी को जिम्मेदार बताया। इसके अलावा और भी कई कारणों को जिम्मेदार बताया गया है।

### पार्टी में सेंध लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार जेपी नड्डा ने प्रदेश अध्यक्ष से संगठन की खामियों पर तो बात की, इसके अलावा पार्टी के उन चेहरों को लेकर चर्चा हुई जो भिरतघात के रूप में उभरे। सूत्रों की माने तो जल्द ही ऐसे लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहचाने और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के संकेत दिया है। बीजेपी का शीर्ष नेतृन्व संभवत: 15 जुलाई के बाद संगठन में बदलवा लाएगा।

# सोलर सखियों को बांटे गए टूल एवं डेमो किट

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा 7 प्रतिभाशाली महिलाओं को बिंदी इंटरनेशनल एसोसिएशन के सहयोग से टूल एवं डेमो किट का वितरण कार्यक्र कसहाई रोड स्थित कार्यालय के सभागार में डॉक्टर प्रभाकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि संस्थान पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार जन जागरूकता के कार्यक्रम गांव और स्कूलों में आयोजित कर रहा है। सोलर के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस पर भारत सरकार भी काफी जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि आप सब संस्थान के निर्देशन में अपने गांव में सोलर की दुकान खोलकर एलईडी बल्ब, टॉर्च, लैंप और एलईडी लाइट आदि बनाकर सोलर उत्पादों की बिक्री करके अपने घर की आमदनी बढाएं और सोलर के माध्यम से गांव को प्रकाश मय बनाएं। संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास संस्था द्वारा किया जा रहा है। विगत माह सात महिलाएं कुशीनगर शिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण लेकर लौटी हैं। इन्हें दिया लालटेन, सोलर लैंप चार्ज, कंट्रोलर बनाने के साथ बैटरी पैनल का रिपेयरिंग एंड मेंटीनेंस का प्रशिक्षण दिया गया है। दूसरे बैच की तैयारी हो रही है। जिसमें 15 से 20 महिलाएं प्रशिक्षण के लिए अगस्त माह में जाएंगी। संस्थान की मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीता सिंह ने बताया कि यह वह महिलाएं हैं जो खुद कुछ करना चाहती हैं। इसलिए इन सब ने प्रशिक्षण में डिजिटल पेमेंट करना, ऐप का उपयोग, ईमेल लिखना, इंटरनेट का बेहतर इस्तेमाल, साइबर सिक्योरिटी सीखा है। साथ ही इन्होंने रिपेयरिंग और सेल्स का भी प्रशिक्षण लिया है। जिसमें आत्मविश्वास के साथ सोलर प्रोडक्ट अच्छे से ग्राहकों को बेंच सके। यह टूल एवं डेमो किट में जितनी भी सामग्री दी गई है। यह बिल्कुल निशुल्क है। इस दौरान डॉ विकास सिंह एवं गोपाल कृष्ण गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, रेखा गुप्ता, केता देवी, सुनीता, संगीता, राजा बेटी, ज्ञान गीता एवं शिव प्यारी आदि मौजूद रहे।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साक्षी गोपाल के पास 119 वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी का एक सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और आसपास स्वच्छता पर अमल करें। साथ ही पर्यावरण को साफ रखें। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सपना है कि मेरा भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत होगा। विकसित भारत हर भारतीय का एक सुनहरा सपना है जो की अब पूरा होता नजर आ रहा है। विकसित भारत का मतलब है कि प्रदूषण से मुक्त हो, हर जगह स्वच्छता हो। सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि चित्रकूट को स्वच्छ और साफ रखकर हम अपने चित्रकूट का विकास कर सकते हैं। जगह-जगह गंदगी न फैलाएं इसका विशेष ध्यान रखें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को महात्मा गांधी की स्मरण से शुरू किया गया था। स्वच्छ भारत अभियान शुरू करने का विशेष उद्देश्य है कि जगह-जगह कचरा समाप्त करना।

इस मौके पर जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, वन विभाग से रसूल बख्श, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, वीरेंद्र, सनी, राम सिया, दीपक, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, विजय आदि मौजूद रहे।

# तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक अनिल कुमार तथा उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह, आरक्षी शुभम मिश्रा, प्रकाश मिश्रा द्वारा अभिलाष साहू निवासी देवारी थाना सरधुवा को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# ई-रिक्शा लूट की घटना का एक और आरोपी गिरफ्तार, 2 बैटरी ई-रिक्शा बरामद

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिये अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना का एक और आरोपी को लूटे गये 2 बैटरी ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 13 फरवरी को वादी दीपक निषाद पुत्र छोटू निषाद निवासी डिलौरा सीतापुर ने थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी थी कि उनके साथ 3 अज्ञात आरोपियों ने बान तालाब के पास उनके साथ मारपीट कर उनका ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व 2500 रुपये लूट कर ले गये हैं। उनके साथ 3 अज्ञात आरोपियों ने बान तालाब के पास उनके साथ मारपीट कर उनका ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व 2500 रुपये लूट कर ले गये हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किय गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए गुड्डा उर्फ आंनद चतुर्वेदी निवासी कौबरा थाना रैपुरा को चोरी के ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी क्रम में उप निरीक्षक श्याम देव सिंह तथा आरक्षी आकाश पटेल, मंगल सिंह द्वारा एक और आरोपी मनोज सिंह उर्फ बूटे सिंह निवासी ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा को 2 बैटरी ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया।


# जहरीले कीड़े के काटने से युवक की बिगड़ी हालात, इलाज जारी

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** घर के बाहर सो रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुरा निवासी मुकेश कुमार (28) ने बताया कि शनिवार की रात बिजली न आने पर वह घर के बाहर चारपाई पर सो गया। सुबह के समय अचानक से सांप ने उसके पैर में काट लिया। पैर में चुभन होने पर जैसे ही वह उठा तो सांप वहां से भाग गया। उसने तत्कान परिजनों को जगाया और उन्हें इसकी जानकारी दी। पता चलते ही परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंच गए। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# 10 सभासदों ने डीएम को शपथ पत्र देकर एक सभासद पर मढ़े गम्भीर आरोप

**जन एक्सप्रेस | कालपी**



कदौरा नगर पंचायत के एक सभासद द्वारा द्वेष भावना से अध्यक्ष पर भर्ष्टाचार का आरोप लगाते हुए शासन प्रशासन से शिकायत की जा रही है और विकास कार्य में बाधा डाली जा रही है। उक्त बात नगर पंचायत के 10 सभासदों ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर उक्त सभासद पर कार्यवाही की मांग है।

गौरतलब है कि विगत 6 माह से नगर पंचायत में उठा पटक का दौर चल रहा है। जिससे नगर के विकास कार्य अवरुद्र पड़े है, बीते 24 जनवरी को नगर पंचायत के सभी सदस्यों ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर अध्यक्ष पर भर्ष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। जिस पर कई आरोपों की जाँच हो चुकी है एवं कुछ की जाँच चल रही है। शनिवार को नगर पंचायत के 12 में 10 सभासदों राजकुमार उर्फ़ गंभीर, राजेश अनुरागी, राजबीर विश्वकर्मा, बसीम शरीफ प्रतिनिधि दयाराम, कैलाश, अल्ताफ आदि ने डीएम राजेश पांडे को शपथ पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत का एक सभासद अंकित कुमार द्वारा पूर्व में की गई शिकायत की कॉपी लगा कर शासन व प्रशासन को फर्जी शिकायते कर रहा है। जब की उनके द्वारा की गई शिकायत पर अध्यक्ष द्वारा शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। जिस पर हम सभासद नगर का विकास कार्य कराना चाहते है, लेकिन एक साथी सभासद अपनी आपसी खुन्नश के चलते उनकी पूर्व में की गई शिकायत का पत्र लगा कर आए दिन शासन व प्रशासन को शिकायती पत्र भेजकर विकास कार्य मे बधा डाल रहा है। वही इस संबंध मे अध्यक्ष अर्चना शिवहरे ने कहा की नगर पंचायत के 12 सभासदों में 10 सभासदो ने डीएम को शपथ पत्र देकर विकास कार्य मे बाधा डालने वाले सभासद के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कदौरा।

नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों के बीच चल रही नूरा कुस्ती के कारण नगर का विकास कार्य ठप्प हो गया है। विगत एक वर्ष से नगर मे होने वाले विकास कार्य मे इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। जहाँ एक तरफ नगर पंचयात में 12 सभासदों में 10 सभासद अध्यक्ष के पक्ष मे लामबंद हो गए है। वही एक सभासद शासन व प्रशासन को शिकायती पत्र भेजकर भर्ष्टाचार का आरोप लगाकर जाँच कराने में लगा हुआ है।

# डंफर में पीछे से घुसा डंफर, परिचालक घायल

**जन एक्सप्रेस | उरई**

जालौन कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार डंपर का सहाव के पास अचानक टायर फट गया। इस दौरान पीछे चल रहे डंपर का चालक उसे बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो बैठा और उसमें पीछे से घुस गया, और उसमें फंसकर परिचालक घायल हो गया। जिला झांसी थाना गुरसराय के ग्राम रत्नेशपुर निवासी मुकेश कुमार रविवार की सुबह अपने परिचालक कैलाश के साथ डंपर पर गिट्टी लादकर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे से औरैया की ओर जा रहा था। इस दौरान एक्सप्रेस वे पर आगे चल रहे एक डंपर का ग्राम सहाव के पास अचानक टायर फट गया, और वह असंतुलित हो गया। जिसे देखकर पीछे चल रहे डंपर का भी संतुलन बिगड गया और वह आगे चल रहे डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि परिचालक साइड केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और परिचालक कैलाश घायल हो गया, जबकि हादसे में चालक को मामूली चोटे आई है। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर हड़कंप मच गया और एम्बुलेंस के जरिए घायल खलासी को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

# जनसंघ संस्थापक के बलिदान दिवस पर भाजपा ने शुरू किया एक वृक्ष माँ के नाम अभियान

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले की दोनों विधानसभाओं के 11 मण्डलों के 124 शक्ति केन्द्रों के 851 बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा के पितृ पुरूष डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से एक वृक्ष माँ के नाम अभियान का शुभारंभ जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने किया। यह उनके प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं की सच्ची श्रद्धांजली है।

जिला प्रभारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ अनिल यादव ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की नीतियां, उनके निर्णय, उनके संकल्प, उनके संकल्पों की सिद्धि, स्वतंत्र भारत को दिशा देने में बहुत अहम रहे हैं। डॉ श्यामाप्रसाद ने स्वतंत्र भारत को भारतीय दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर सक्षम समर्थ राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर चिंतन किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए ही स्वतंत्र भारत के पहले बलिदानी डॉ मुखर्जी ही हैं। निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र व समाज के लिए कार्य करे। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने जिन मूल्यों, सिद्धांतों को लेकर पूरे जीवन संघर्ष किया। भाजपा की मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर उनको सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की है। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव, बूथ-बूथ पर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित करके डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजली अर्पित कर रहे हैं।

इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, राघवेन्द्र सिंह, अश्विनी अवस्थी, रामबाबू गुप्ता, अखिलेश रैकवार, प्रेमलाल बाल्मीकी, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, राघव अग्रवाल, श्रद्धांशु, महेन्द्र कोटार्य, श्रवण पटेल, रमाकांत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मुहबोले मामा ने की बच्ची के साथ दिखाई दरिंदगी

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

कामान्ध दरिन्दे ने परिचित परिवार की 18 माह की बालिका के साथ हैवानियत दिखाते हुए नाले में ले जाकर दुराचार किया। पीड़िता के पिता ने मऊ थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिश्तों को शर्मशार करने वाले यह घटना रविवार की दोपहर मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई शिकायकर्ता ने बताया कि उसके नौ बच्चे हैं। लगभग एक साल पहले उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने बच्चों का पालन पोषण अकेले ही करता है। रविवार को वह अपने बेटे मिथिलेश की शादी के कार्ड बांटने घर से बाहर गया था और उसके बच्चे घर पर थे। इस दौरान उसकी ससुराल का मुहबोला साला इतराज घर आया। वह शराब के नशे में था। घर आकर उसने उसकी 18 माह की नाबालिक बेटी को घर के बाहर से खेलते हुए बहला फुसलाकर उठा लिया और गांव के शिव मन्दिर के आगे सड़क किनारे सुखे हुए नाले की ओर ले गया। जहां उसकी नाबालिक बेटी के साथ दोपहर लगभग 1:30 बजे जबरन बलात्कार किया। पुत्री के चीखने चिल्लाने पर गांव के अन्य लोग वहां पहुंच गए और वह बेटी को नग्न अवस्था में ही छोड़कर भाग गया। जहां उसकी नाबालिक बेटी के साथ दोपहर लगभग 1:30 बजे जबरन बलात्कार किया। पुत्री के चीखने चिल्लाने पर गांव के अन्य लोग वहां पहुंच गए और वह बेटी को नग्न अवस्था में ही छोड़कर भाग गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे बेटे मिथिलेश ने उसे फोन से सूचना दी और वह दुराचार का शिकार अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंचा। इस सम्बन्ध में मऊ थाना प्रभारी अजीत पाण्डेय ने बताया कि शिकायकर्ता की तहरीर के आधार पर आरोपी इतराज प्रसाद के विरूद्ध धारा 363, 376 ए, बी, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, 5एम, 6 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

# एक बार फिर एसपी ने उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

**जन एक्सप्रेस | उरई**

एसपी ने एक बार फिर उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया। जिसमें कई उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है।

पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया। जिसमें उन्होंने उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार को नदीगांव से हटाकर थाना चुर्खी, थाना नदीगांव से दारोगा गौतम सिंह को थाना कोटरा, दारोगा शैलेंद्र कुमार का पुलिस लाइन से एसएसआई नदीगांव, एसआई अनिल कुमार को रेंढ़र से आटा, दारोगा सचिन शुक्ला को थाना कदौरा से हटाकर एसएसआई कुठौंद, दारोगा विपिन कुमार को कोतवाली कोंच से एसएसआई माधौगढ़, दारोगा इंद्रमणि चौधरी को थाना कालपी से चौकी प्रभारी रामगंज बनाया गया है। दारोगा रुद्र कुमार तिवारी को थाना एट से थाना आटा तो दारोगा सत्यदेव को कोतवाली जालौन से थाना एट व दारोगा अनुज पवार को पुलिस लाइन से शिकायत प्रकोष्ठ भेजा। चौकी प्रभारी रामगंज मोहित यादव को पुलिस लाइन, कोतवाली उरई से दारोगा देवेंद्र कुमार गौतम को पुलिस लाइन भेज दिया।

# अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ एवं आबकारी टीम द्वारा संयुक्त रुप से ग्राम मवईकला में छापेमारी करते हुये संगीता निवासी ग्राम मवई कला को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक केके मिश्रा, उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह, आरक्षी राहुल पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, आबकारी आरक्षी लालाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस टीम ने पारिवारिक विवादों को समाप्त कराते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदिका सुलेखा देवी पत्नी हरिराम पुत्री हरिप्रसाद निवासी चैरा थाना पहाडी ने अपने पति के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज और दहेज मांगने के सम्बन्ध में महिला थाना में प्रार्थना पत्र दिया गया। थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज तथा आरक्षी दीपिका सिंह द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाना पर बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।

आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# पुलिस ने ट्रेलर लूट की घटना के एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा ट्रेलर लूट की घटना के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 17 जून को वादी हरिओम गुप्ता पुत्र स्व मंगल शरण गुप्ता निवासी संग्राम कॉलोनी जनपद सतना द्वारा सीमेन्ट से भरे ट्रेलर को चोरी करने के सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था। विवेचना से राधे उर्फ फुल्लू, जाकिर, अंकेश, राधेश्याम, प्रसादे, अली व नीलू का नाम प्रकाश में आया। बीते शनिवार को राधे उर्फ फुल्लू, राधेश्याम, अंकेश व जाकिर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# सिमिरिया घाट पर ट्रक चालकों संग गिरोह बनाकर की लूट व मारपीट

**जन एक्सप्रेस | उरई**




डकोर थाना क्षेत्र के सिमरिया में स्थित मौरंग खदान खंड एक का पट्टा हमीरपुर जिले के थाना विवार क्षेत्र के निवादा निवासी बलवंत सिंह परिहार के नाम से है। खदान संचालक बलवंत सिंह ने रविवार को डकोर पुलिस को बताया कि शनिवार देर रात खदान से मौरंग लादकर जाते समय 10 से अधिक हमलावरों ने ट्रक चालकों संग मारपीट की। साथ ही ट्रकों में रखे 20-20 हजार रुपये लूट लिए। खदान संचालक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने घटना को गुढ़ा-सिमरिया के बीच नाले वाले रास्ते पर ट्रक चालकों को जबरन ले जाकर मारपीट कर लूट की घटना की है। सूचना पर पहुंची डायल 112 आते देख हमलावर अपनी तीन बाइकें मौके पर छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने तीनों बाइकों को कब्जे में लेकर थाना पहुंचाया है। खदान संचालक ने यह भी बताया कि घटना के दौरान अज्ञात हमलावर चिल्ला रहे थे कि हमारी गाड़ियां भी चलवाओ नहीं तो तुम्हारी खदान नहीं चलने देंगे।

**घाट संचालक ने हमलावरों के खिलाफ मारपीट कर लूटने का दिया शिकायती पत्र**

हमलावरों ने पांच ट्रकों की चाबियां भी जबरन निकाल ली हैं। खदान संचालक ने पुलिस को बताया कि सिमरिया खदान खंड एक चलने से अज्ञात हमलावर लोगों द्वारा अवैध मौरंग खनन प्रभावित होने के कारण वे उग्र हो गए हैं। ट्रक चालकों संग मारपीट और लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम देने पर उतर आए हैं। शिवपूजन, महेंद्र, राजेश, कालीचरन, विजय, पंकज, हरिओम, सुनील, अरुण के संग मारपीट और लूटपाट हुई। खदान संचालक ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी का कहना है कि लूट की घटना नहीं हुई है, सिर्फ मारपीट का मामला है। कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.2 (+2.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.4 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 68 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 43 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 2.4

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# पेड़ की हत्या का आरोप लगा, जनता ने किया शोक सभा का आयोजन, सीएम को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





शहर के शिवाजी नगर की कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की जनता ने रविवार को हरा पेड़ काटे जाने के विरोध में शोक सभा आयोजित कर अपने गुस्से का इज़हार करने का अनोखा तरीका अपनाया। सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर सोसाइटी के पदाधिकारियों और निवासियों ने चितवन पेड़ की जड़ पर फूल माला चढ़ाकर शोक सभा आयोजित करने के उपरांत एक ज्ञापन एसीएम छह के माध्यम से मुख्यमंत्री और जिम्मेदार अधिकारियों को भेजा है।

आपको बताते चलें कि बीती 21 जून को थाना नजीराबाद क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर सोसाइटी के हरे भरे पेड़ को गैर कानूनी तरीके से बिल्डर वीरेंद्र गुप्ता जिसने केडीए के जिम्मेदार अधिकारियों से सांठ गांठ कर रेजिडेंशियल में कमर्शियल निर्माण किया है उसके द्वारा नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को मिलाकर हरे भरे पेड़ को काटने की गोलमोल अनुमति लेकर प्राइवेट ठेकेदारों से कटवा दिया गया था। जिसके बाद उत्तर प्रदेश बार कार्उसिल के पूर्व उपाध्यक्ष वर्तमान में सदस्य अंकज मिश्रा और सोसाइटी के पदाधिकारियों ने जनता संग जमकर हंगामा काटा था और सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए थाना नजीराबाद में तहरीर भी दी थी। उसी के बाद जिम्मेदारों को सबक सिखाने और मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए कल रविवार को शिवाजी नगर सोसाइटी के पदाधिकारी और वहां के रहने वाले निवासी जो पर्यावरण के प्रेमी है हमेशा अपने बच्चों की तरह पेड़ों को लगाकर पालते पोसते हैं, काटे गए 50 वर्ष पुराने चितवन के पेड़ की हत्या का आरोप लगाते हुए उसी पेड़ के कटे भाग पर फूल माला चढ़ाकर शोक सभा का आयोजन किया श्रद्धांजलि दे पेड़ की आत्मा को की शांति के लिए प्रार्थना की श्रद्धांजलि दे रहे अंकज मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण के प्रति गंभीर दिखाई देती है परंतु दूसरी तरफ वन विभाग और नगर निगम के अधिकारी शहरी क्षेत्र में पेड़ काटने की अनुमति रिश्वत लेकर लगातार दे रहे हैं पिछले वर्षों में जे.के. मंदिर नहर पर सड़क बनाई गई थी और 100 वर्ष से अधिक पुराने पीपल और बरगद के 40 से अधिक पेड़ काटे गए बहुत मुश्किल से क्षेत्रीय नागरिक कुछ पेड़ बचा सके। इसी क्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी कानपुर रेंज और उद्यान अधिकारी कानपुर नगर ने मिली भगत कर जेके मंदिर रोड शिवाजी नगर के मकान नंबर 120/561 के सामने कमर्शियल बिल्डिंग के सामने लगे हुए पेड़ को भवन स्वामी वीरेंद्र गुप्ता से मोटी रिश्वत लेकर चितवन के सुंदर और मजबूत वृक्ष को पूरी तरह कटवा दिया जो कि समिति के बुजुर्ग ने पर्यावरण के प्रति गंभीरता दिखाते हुए वर्षों पहले लगाए थे। बताया कि पिछले वर्षों में अधिकारियों ने मिलकर शहर के अनेकों पेड़ों को कटवा दिया उदाहरण के रूप में थाना हरबंस मोहाल में पीपल के तीन पेड़ थाना नौबस्ता क्षेत्र में बरगद का एक पेड़ थाना रायपुरवा हुआ क्षेत्र में 40 पेड़ रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ गए। शिवाजी नगर भवन नंबर 120/561 के भवन स्वामी वीरेंद्र गुप्ता ने उद्यान अधिकारी और क्षेत्रीय वन अधिकारी से मिली भगत कर उन्हें रिश्वत देकर पेड़ के बाबत यह गलत रिपोर्ट लगाई की पेड़ झुका खड़ा है जिसके गिरने से जनहानि हो सकती है लेकिन वर्षों से उसे खड़े पेड़ के नीचे क्षेत्रीय गरीब जनता गर्मियों में आराम करती है और साथ ही उसे पेड़ से पर्यावरण को ऑक्सीजन अधिक मात्रा में मिलता है अगर हम लोग पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नहीं हुए तो वह समय दूर नहीं कि जब हमारे बच्चे और जनरेशन के लोग पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर घूमेंगे इसलिए पर्यावरण संरक्षण और पुराने पेड़ों को बचाने के लिए आम जनता सामने आए और उनको काटने से रोके और वर्तमान में पड रही भीषण गर्मी में मानव और जीव जंतु त्रस्त है।और कोई भी इंसान निर्मित उपकरण काम नहीं आ रहा है।लेकिन आसमान से बरसा रही आग को अगर कोई रोक सकता है तो हमारी ये हरी भरी पर्यावरण और विशालकाय पीपल और बरगद नीम के पेड़ जिन्हे हम विकास और विकस्ता के नाम पर काटते जा रहे है।सरकार ने अगर पर्यावरण के प्रति कठोर और ठोस नियम कानून नहीं बने तो आने वाले समय में सूरज और अधिक आग उगलेगा जो इंसान और जीवन के बर्दाश्त करने के बाहर होगा।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच चले ईंट पत्थर





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चौबेपुर के देदूपुर गांव में रविवार रात एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में अचानक ईंट पत्थर चलने लगे। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के देदूपुर गांव निवासी संदीप पुत्र रघुपति सिंह और बलवीर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह एक ही परिवार के लोग हैं। घर मकान के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई दिनों से विवाद हो रहा था। रविवार शाम दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज होते होते ईंट पत्थर चलने लगे। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीर घायल दो लोगों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार मधुकर राव मोघे का निधन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर में अपनी पत्रकारिता से सभी के दिलों पर कभी ना मिटने वाली छाप छोड़ने वाले वरिष्ठ पत्रकार मधुकर राव मोघे का सांप के काटने के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया वे 69 वर्ष के थे। बीते दिन शनिवार की सुबह 5:00 बजे रोज की तरह वह टहलने के लिए घर से बाहर ही निकले थे कि घर की देहरी पार करते ही उनका पर सर्प के ऊपर पड़ गया जिसके बाद सर्प उनके पैर में लिपट गया और काट लिया। पारिवारिक जनों द्वारा पहले उन्हें बिठूर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से कल्याणपुर और फिर हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह 2:25 बजे हृदय गति रुकने के बाद उनका हैलेट अस्पताल में निधन हो गया। परिवार में चार पुत्र सनी राव मोघे, महेंद्र राव मोघे, माधव राव मोघे, मनीष मोघे, बहु सलौनी, संध्या, शिवानी, पत्नी आशा मोघे है।

## गवर्नर एक्ससलेंसि अवार्ड से सम्मानित किया गया



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 का वार्षिक अवार्ड 2023-24 समारोह मर्चेंट चैम्बर प्रेक्षागृह में रविवार को सम्पन्न हुआ। रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के चार्टर अध्यक्ष रो.डॉ.भक्ति विजय शुक्ला को गवर्नर एक्ससलेंसि अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न रोटरी क्लबो को भी पुरस्कार मिले। क्लब के अध्यक्ष रो.राजीव कटियार को आउट स्टैंडिंग अध्यक्ष का अवार्ड दिया गया। रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के द्वारा साल भर विभिन सामाजिक सेवा के कार्यों वृक्षारोपण, रक्तदान, शिक्षा आदि क्षेत्रों में 6 पुरस्कार प्रदान किये गए।

## चौबेपुर पुलिस ने दबोचे दाल चोर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के मरियानी गांव स्थिति एक आढ़त से बीते दिनों नकाबपोश दो चोरों ने 23 बोरी उड़द और मूंग पार कर दिए थे इसके बाद आढ़ती प्रन्यूष त्रिपाठी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू की और पास में लगे सीसीटीवी को खंगाला जिसमें ई रिक्शा के माध्यम से चोर माल को ले जाते हुए दिखे। जानकारी जुटाते हुए पुलिस ने रविवार को ई रिक्शा चालक मजीद को धर दबोचा इसके बाद मजीद की निशानदेही पर आढ़ती अनुज गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया। अनुज गुप्ता चौबेपुर निवासी हैं मजीद पास के ही गांव शाहपुर शिवराजपुर का निवासी है पुलिस ने ई रिक्शा यूपी 78 एचटी 5246 और 23 बोरा उड़द मूंग बरामद कर लिया है पकड़े गए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# खरीफ प्याज की वैज्ञानिक खेती विषय पर दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश क्रम में रविवार को सब्जी अनुभाग कल्याणपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.राम बटुक सिंह ने किसानों के लिए खरीफ प्याज की वैज्ञानिक खेती विषय पर जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि किसान प्याज की नर्सरी जून के अंतिम सप्ताह तक अथवा देर की अवस्था में जुलाई के प्रथम सप्ताह तक डाल सकते है। उन्होंने बताया कि प्याज एक नकदी फसल है। जिसमें विटामिन सी, फास्फोरस आदि पौष्टिक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं जिसका उपयोग सलाद, सब्जी, अचार एवं मसाले के रूप में किया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में रबी एवं खरीफ दोनों ऋतुओ में प्याज उगाया जाता है। डॉ. सिंह ने बताया कि प्याज शीतोष्ण जलवायु की फसल है व हल्के मौसम में इसकी अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि प्याज के अच्छे विकास के लिए 13 से 24 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान एवं 70त्न आर्द्रता की आवश्यकता होती है। प्याज के लिए दोमट एवं जलोढ़ मिट्टी जिसमें पर्याप्त कार्बनिक मात्रा एवं उचित जल निकास की सुविधा हो उचित रहती है।उन्होंने बताया कि प्याज की नर्सरी के लिए जून का महीना सर्वोत्तम होता है।एक हेक्टेयर प्याज की नर्सरी के लिए 8 से 10 किलोग्राम बीज पर्याप्त होता है। डॉ सिंह ने खरीफ की बुवाई हेतु उन्नतशील प्रजातियों के बारे में बताया कि एन-53, एग्रीफाउंड डार्क रेड, भीमा सुपर, भीमा रेड, भीमा राज, भीमा शुभ्रा और अर्का कल्याण और अर्का निकेतन प्रमुख उन्नतशील प्रजातियां हैं। उन्होंने बताया कि उर्वरकों के प्रबंधन के लिये 250 कुंतल सड़ी हुई गोबर की खाद, 120 किलोग्राम डीएपी, 100 किलोग्राम यूरिया, 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट तथा 50 किलोग्राम बेंटोनाइट सल्फर प्रति हेक्टेयर रोपाई के पूर्व खेत में मिला दें। उन्होंने किसानों को ब्याज की वनस्पति की वृद्धि कम होने पर 19:19:19 पानी में घुलनशील उर्वरक 15, 30 एवं 45 दिनों बाद 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि प्याज की फसल रोपाई के 90 से 120 दिन बाद परिपक्व हो जाती है तब खुदाई कर ले। उन्होंने कहा कि यदि किसान वैज्ञानिक विधि से प्याज की खेती करते हैं तो एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में औसतन 300 से 350 कुंतल प्याज की उपज प्राप्त होगी जिससे किसानो को लाभ होगा।

## सांसद देवेंद्र सिंह बोले चल हट, वीडियो हो गया वायरल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अकबरपुर लोकसभा से तीसरी बार भाजपा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले का रविवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वह अपने आवास पर जनसुनवाई कर रहे थे तभी एक कार्यकर्ता उनके पास आया श्री भोले ने एक कार्यकर्ता को कह रहे हैं चल हट निकल जा यहां से माला पहनने से भी इंकार कर दिया। इसके पीछे की वजह विधायक सागा का नाम लेने बताया जा रहा है। दरअसल कार्यकर्ता ने उनके सामने उनके कट्टर विरोधी माने वाले भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा का नाम ले लिया था इस बात को लेकर वह भड़क गए। उनका यह 39 सेकंड का वीडियो वायरल हो गया।

# 50 पीडीए कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों कार्यसमिति की सदस्यों विधानसभा अध्यक्षो फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों की मासिक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट परेड में आरंभ हुई जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया

बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा पीडीए अभियान चलाकर महानगर में युवा टीम तैयार करेगी जो भावी रणनीत के अंतर्गत सन 2027 के मिशन को लेकर प्रत्येक परिवार के मुखिया को भागीदार बना कर एक नया संदेश दिया जाएगा

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में पीडीए कार्यकर्ताओं ने जो अपने अपने बूथों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई है उसमें प्रथम चरण 50 पीडीए कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सम्मान किया बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, परमवीर गंभीर, महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, हाजी अयूब आलम, सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, इशरत इराकी, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, आसिफ कादरी, वरुण जायसवाल, मुमताज मंसूरी, आकाश यादव, संजय निषाद, राजेंद्र जैसवाल, के.के. मिश्रा, अकील अहमद, शादाब खान, अलिशान, नसीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# मां के साथ वृक्षारोपण कर सेल्फी ली और सरल ऐप पर किया अपलोड

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा दक्षिण जिले के सभी 1162 बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की और अपनी मां के साथ वृक्षारोपण कर सेल्फी ली और सरल ऐप पर अपलोड किया।इस अवसर पर रविवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता बूथ संख्या 111 के बूथ अध्यक्ष अमित शुक्ला ने की। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माला एवं पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने डॉ. मुखर्जी के जीवन परिचय, राजनीतिक परिचय तथा देश के अखंडता, एकता के लिए किए गए त्याग और बलिदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के शिखर पुरुष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रथम लक्ष्य राष्ट्रीय एकता की स्थापना था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए उनके किए गए कामों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को हटाने के प्रस्ताव को संसद में पास कर दी थी। क्योंकि भारत वासियों को कश्मीर वापस दिलाने का सपना उन्होंने ही भारत वासियों को दिखाया था। जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है की मांग अब पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई 1901 में बंगाल के कलकत्ता शहर में जन्मे डॉ मुखर्जी एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद थे, वे सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक एवं सिद्धांत वादी थे। इस अवसर पर अनीता गुप्ता, दीप अवस्थी, प्रबोध मिश्रा, रघुनंदन भदौरिया, मनीष त्रिपाठी, वंदना, गुप्ता, संजय कटियार, राकेश तिवारी, गणेश शुक्ला, सुनील साहू, अर्जुन बेरिया, विनय मिश्रा, शिवम मिश्रा, अखिलेश अवस्थी, गिरीश चंद्रा, आदि मौजूद रहे।

## नीट के आक्रोशित छात्रों ने एन.टी.ए. का किया श्राद्ध



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

देश में नीट की परीक्षा पेपर लीक होने के बाद हो रहे घमासान के चलते शहर की काकादेव कोचिंग मंडी में नीट की तैयारी करने वाले छात्रों ने एन टी ए का श्राद्ध किया और विरोध करते हुए अपना सर मुंडवाया। इस दौरान विरोध कर रहे है नीट के छात्रों का कहना था कि लाखों छात्र कड़ी मेहनत कर नीट की तैयारी करते हैं और परीक्षा के समय मालूम होता है कि पेपर लीक हो गया है जिससे लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। एनटीए जो नीट की परीक्षा करवाने वाली संस्था है उसने गलती की है। आक्रोशित छात्रों ने सबसे पहले एनटीए की अर्थी निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया उसके बाद सर मुंडवा कर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द नीट की परीक्षा दोबारा कराए नही तो पीड़ीत आक्रोशित छात्र बड़ा आन्दोलन करेगें।

# आतंकी हमले में कानपुर के सीआरपीएफ जवान की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर के थाना महाराजपुर इलाके में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब पुरवामीर नौगांव में सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि सीआरपीएफ जवानों से भरी एक बस पर हमला होने से जो बस पलट गई जिसमें दो जवान शहीद हो गए हैं उनमें एक जवान उन्हीं के गांव का शैलेन्द्र है, जानकारी के मुताबिक कानपुर के थाना महाराजपुर क्षेत्र में स्थित नौगांव गांव के रहने वाले शैलेंद्र कुमार सीआरपीएफ फोर्स ज्वाइन करके छत्तीसगढ़ के कोबरा बटालियन में पोस्टेड थे और उनकी शादी तीन माह पहले कोमल नाम की लड़की से हुई थी जो वर्तमान में टीचर की तैयारी करने के लिए कानपुर में कोचिंग कर रही है घर वालों ने बताया कि दोपहर में फेसबुक पर खबर चल रही थी की कोबरा बटालियन में सीआरपीएफ के बस पर हमला हुआ है जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई है कई जवान घायल हो गए हैं और दो जवानों की मौत हो गए है जिसमे एक नाम शैलेंद्र कुमार बता रहे थे खबर जैसे घर पर सोशल मीडिया के माध्यम से मिली परिजनों के पैरो तले जमीन खिसक गई और हड़कंप मच गया आनन फानन में खबर की सच्चाई पता की तो सही पाई उसके बाद से घर पर रोना पीटना मचा है। आसपास पड़ोस के लोगों की माने तो सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र कुमार जब घर आते थे तो लोगों से हंसी मजाक करते रहते थे वहीं परिजनों ने बताया कि सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र कुमार 7 तारीख को घर आने के लिए बोल गए थे लेकिन आज उनके शहीद होने की खबर आई है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है लोग तीन माह पूर्व हुई शादी की चर्चा कर रहे हैं।

# कोहना पुलिस ने शातिर लुटेरों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




कोहना पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को एक बाल अपचारी संग गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए लुटेरों के पास से लूट का माल बरामद करने के साथ ही उस ई रिक्शा को भी बरामद किया गया है जिससे वह लूट को अंजाम देते थे।

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि कोहना पुलिस ने मुखबिर खास की निशादेही सरफराज अहमद उर्फ फरमान उर्फ डेन्जर पुत्र नियाज अहमद नि0-11/176 मकबरा जमुना पेडे वाले के पास ग्वालटोली थाना ग्वालटोली उम्र करीब 24 अंकित बाल्मीकि उर्फ अंकित टप्पेबाज पुत्र हरिश्चन्द्र नि0-12/3 खलासी लाइन थाना ग्वालटोली उम्र करीब 24 वर्ष व बाल अपचारी थाना ग्वालटोली कानपुर नगर उम्र करीब 14 वर्ष को के0एफ0सी0 तिराहा वी आई पी रोड से गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार किए गए दो लुटेरों का आपराधिक इतिहास भी है।

# राहगीरों को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए बांटा शरबत




**आने-जाने वाले रहीगीरों को शरबत पिलाया शरबत पी कर सभी के चेहरे पर बहुत खुशी दिखी**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

युवा सामाजिक संस्था के केंद्रीय कार्यालय पर संस्था के पदाधिकारीगणों के नेतृत्व में भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत वितरण का आयोजन किया गया जिसमें आने-जाने वाले रहीगीरों को शरबत पिलाया साथ ही आने जाने वाले लोगो ने शरबत पी कर सभी के चेहरे पर बहुत खुशी दिखी और शरबत पीने वालो ने दुआए दी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिद्धार्थ ने बताया कि लगातार संस्था के द्वारा शरबत वितरण किया जा रहा है और अगर अभी भी इसी प्रकार गर्मी रही तो आगे भी संस्था के नेतृत्व में शरबत वितरण होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के संरक्षक कमलेश फाइटर, प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता सैफ मो.खान, वार्ड 20 पार्षद नीरज रक्सेल, प्रखर गुप्ता, आलम अंसारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिद्धार्थ, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष विनय कुमार, प्रदेश सचिव मो.काशिफ रंगरेज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष अतुल मिश्रा, प्रमोद जीजा, जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, शुशील कुमार, विवेक कुमार, कविता शर्मा, अनिल कुमार अभिषेक उर्फ छोटू, एंजल सिद्धार्थ, कन्हैया जायसवाल, अनीश कुमार

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो युवक झुलसे

जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर में तेज हवाओं तथा रिमझिम बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से आम की रखवाली कर रहे दो युवक झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों तथा ग्रामीणों द्वारा घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत भिटारी गांव में शनिवार की दोपहर बाद तेज हवा व रिमझिम बारिश के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे आम की रखवाली करने गए भिटारी गांव निवासी 19 वर्षीय सूरज यादव पुत्र राधेश्याम व 30 वर्षीय रामपाल पुत्र रामदास यादव झुलस गए। प्रन्यक्षदर्शियों की माने तो आकाशीय बिजली घायलों से लगभग 10 मीटर दूर खेत में लगे झटका मशीन के तार पर गिरी थी। जिसकी चिनगारियां दोनों युवकों पर गिरने से कपड़ो में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे व अचेतावस्था में पड़े घायलों के हथेली, पैर के तलुओं तथा सीने की मालिश करते हुए आनन-फानन में इलाज हेतु उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां मौजूद डॉ पवन मौर्य ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया और खतरे से बाहर बताया।

# बारिश से शहर के कई इलाकों में जबरदस्त जलभराव, धंसी सड़कें

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



शनिवार रात से हो रही झमाझम बारिश से लोगों को राहत के साथ बड़ी आफत भी झेलनी पड़ रही है। शनिवार रात दस बजे से शुरु हुई बारिश के साथ ठप हुई बिजली आपूर्ति जहां रविवार सुबह साढ़े सात बजे तक नहीं बहाल हुई वहीं अनियोजित विकास की पोल फिर खुल गई। अयोध्या समेत जुड़वा शहर फैज़ाबाद के कई इलाकों में जबरदस्त जलभराव से लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। अयोध्या में बिरला धर्मशाला के निकट जहां सीवर का गंदा पानी घरों में घुस गया है वहीं रामपथ, भक्तिपथ समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया है। गंभीर बात यह है कि नगर निगम और प्रशासन की ओर से अभी कोई कवायद नहीं की गई है। अयोध्या रिकाबगंज हनुमानगढ़ी से लेकर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल रोड पर नालियों के चोक होने का खुलासा भीषण जलभराव से हो गया है। एक ओर जहां नगर निगम मानसून को लेकर नालों और नालियों की सफाई की योजना बना रहा था वहीं प्री मानसून की बारिश ने ही व्यवस्था का सच सामने ला दिया है।वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा एक साल में कराए गए विकास की पोल भी खुल गई है। अनियोजित विकास के कारण रामपथ के किनारे और उससे जुड़ने वाली सभी 13 गलियों में जबरदस्त जलभराव हो गया है। सबसे ज़्यादा संकट रामनगरी में दिख रहा है जहां जलवानपुरा से लेकर हनुमानगढ़ी भक्तिपथ और टेढ़ी बाजार से लेकर अंदरुनी इलाके भी जलभराव से ग्रसित हो गए हैं।जब रात दस बजे बारिश शुरू हुई तो दर्शननगर उप केन्द्र में आई तकनीकी खराबी के कारण आधे से अधिक शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। सभी उप केन्द्रों के मोबाइल सिवच आफ हो गए हैं तो अवर अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता काल नहीं रिसीव कर रहे हैं। रविवार भोर से बारिश धीमी होने के बाद उपजी उमस से लोगों को दोहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## अयोध्या में ट्रिपल इंजन की सरकार इस बरसात में फेल साबित हुई: तेज नारायण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहां की पहली बरसात में अयोध्या नगर निगम क्षेत्र जलमग्न दिखी । उन्होंने कहा कि अयोध्या में ट्रिपल इंजन की सरकार इस बरसात में फेल साबित हुई । उन्होंने शासन प्रशासन से मांग किया कि समय रहते हुए जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए जिससे बीमारी न फैल पाये । श्री पांडेय ने बताया कि इस बरसात में गंदी नाली का पानी कई घरो में घुस गया काफी जगह सड़के धस गई । श्री पांडेय ने कहा समय रहते हुए इसकी व्यवस्था ठीक की जाए जिससे यातायात और जनमानस प्रभावित न हो । श्री पांडेय ने कहा कि अयोध्या तीर्थ नगरी है यहां की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए किसी भी यात्री को किसी भी तरीके से परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गंगा स्नान करने के दौरान दो युवक नदी में डूबे एक किलोमीटर दूर मिले दोनों युवकों के शव



जन एक्सप्रेस | रायबरेली

कल शनिवार को गंगा नदी ने नहाने गए तीन युवक में से दो युवक गंगा नदी में डूब गए थे जिनके शव रविवार की सुबह लगभग एक किलोमीटर दूर बरामद किया गया। दोनों युवकों के शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार पूरा मामला गदागंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पयागपुर गंगा घाट का था, जहां नदी में नहाने गए तीन युवक में से दो युवक सिमरा पुत्र तौहीद उम्र लगभग 20 वर्ष व शान निवासी मखदूम पुर जो गंगा में नहाते समय गहरे पानी में जाने से डूब गए थे। गोताखोर ने गंगा में डूबे युगों की बहुत तलाश की लेकिन उनका पता नहीं लग पाया है। जिलाधिकारी के प्रयास से एसडीआरएफ की टीम ने रविवार की सुबह गंगा में डूबे दोनों युवकों के शव को लगभग एक किलोमीटर दूर बरामद कर लिया, दोनों युवकों के शव मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फिरोजाबाद में किसान ने किन परिस्थितियों में जड़े तहसीलदार को थप्पड़, यह जांच का विषय: शशिकांत

जन एक्सप्रेस | लालगंज, रायबरेली

### थप्पड़ पड़ते ही तहसीलदार लड़खड़ा गए और जमीन पर गिर पड़े



श्री तिवारी ने कहा कि जानकारी में आया है कि पूरा मामला जसराना थाना क्षेत्र के नगला तुर्सी गांव का है। प्रशासन से जुड़े लोग गांव में जमीन से जुड़े विवाद को सुलझाने पहुंचे थे। तहसीलदार जसराना लालता प्रसाद राजस्व टीम के साथ गांव में पहुंचे थे लेकिन बातचीत के दौरान एक किसान पर वह भड़क गए और हाथ उठाने की कोशिश करने लगे, तभी किसान ने थप्पड़ जड़ दिया। बाद में तहसीलदार की पिटाई की जानकारी पुलिस को दी और फिर पुलिस ने हमला करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन पर शांति भंग करने का आरोप लगा है। शशिकांत तिवारी ने फिरोजाबाद और आस पास के किसान संगठनों और नेताओं से अपील की है कि वह इस परिस्थिति में पीड़ित किसान के साथ खड़े हों, साथ ही कहाकि भाकियू श्रमिक शक्ति का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही फिरोजाबाद जाएगा।

उत्तर प्रदेश का प्रशासन लगातार चर्चाओं में हैं। कभी पुलिस आईएस अधिकारियों की गाड़ी रुकवा कर हूटर और लाल नीली बत्ती निकाल रही है तो कभी नेताओं की गाड़ी चेक करने के नाम पर बदसलूकी का आरोप लग रहा है।

अभी भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ राजधानी में हुई बदसलूकी के मामले पर एक्शन हो ही रहा था कि अब एक तहसीलदार और किसान के बीच हुई हाथापाई का वीडियो वायरल है।

भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक शक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी ने फिरोजाबाद में किसान के तहसीलदार को थप्पड़ मारने की घटना पर कहाकि आजादी के बाद पहली ऐसी सरकार देखी है जिसमे प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस सारी नैतिकता, मानवता व पद की गरिमा को भूल कर केवल उगाही, भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और आमजन के उत्पीड़न में जुटे हैं, सरकार भी आमजन, किसान, मजदूर, छात्र के उत्पीड़न पर मूक सहमति प्रदान कर रही है। यहां तक कि भाजपा के कार्यकर्ता तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की गालियां और लाठियां खा रहे हैं और बेशर्म सरकार इन अत्याचारियों की पीठ थपथपा शाबाशी दी रही है।

मगर देश का किसान अभी इतना कमजोर नहीं हुआ है किसान का इतिहास तो देश व समाज में हो रहे जुल्म से टकराने का रहा है, वह अपने ऊपर जुल्म कैसे सहेगा!

भाकियू (श्रमिक शक्ति)के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी ने कहाकि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा।फिरोजाबाद में किसान ने किन परिस्थितियों में जड़े तहसीलदार को थप्पड़, यह जांच का विषय है। उत्तर प्रदेश में सरकारी अधिकारी और पुलिस बेलगाम, अधिकांश भ्रष्टाचार और अन्याय में लिप्त हैं।किसान आत्म सम्मान से समझौता नहीं करेगा,गुरबत को ललकारने वालों को करारा जवाब देगा।

मामला उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का बताया जा रहा है। किसी मामले को लेकर एसडीएम और किसान आमने सामने सामने थे। बातचीत के दौरान तहसीलदार तमतमा गए और किसान को मारने के लिए हाथ उठा दिया, फिर क्या था इतने में किसान ने तहसीलदार को थप्पड़ जड़ दिया।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की।जिसमें स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा।इसके साथ ही उन्होंने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।बैठक में अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने तथा संस्थागत प्रसव,जननी सुरक्षा योजना,नवजात शिशु टीकाकरण,आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग,नियमित टीकाकरण,फैमिली प्लानिंग सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा किया।तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया।उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी,पीएचसी,हेल्थ वेलनेस सेंटर आदि का निरीक्षण कर लें।तथा जहां पर जो भी कमियां हैं, उसमें सुधार करें।अस्पतालों में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के साथ जो आवश्यक सामग्री, उपकरण उपलब्ध नहीं हैं,उन्हें खरीदने को कहा।इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्वेता, अनामिका दिनेश एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रुचिका सेठ तथा महिला व पुरुष नसबंदी में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ विजय कुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,सीएमओ डा. अंशुमान सिंह,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.राम प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा के पर्व पर मां सरयू का पूजन अर्चन करते महंत: जयजय राम पाठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



ज्येष्ठ पूर्णिमा के पर्व पर शनिवार को मां सरयू का अवतरण दिवस श्रद्धा एवं उल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरयू तट रंग-बिरंगी रोशनियों से खिलखिलाता नजर आया। इस अवसर पर परम्परागत रूप से उमड़े श्रद्धालुओं ने मां सरयू के पुण्य सलिल में डुबकी लगाई और दीपदान कर देवी मां के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की। इन श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ मंदिर व हनुमानगढ़ी सहित कनक भवन व श्रीरामजन्म भूमि में भी दर्शन किया। उधर देर शाम सरयू तट के दर्जनों घाटोंसहित राम पैड़ी स्थित प्राचीन सरयू मंदिर में भी देवी मां का अवतरण दिवस श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचीन सरयू मंदिर के महंत जयजयरामपाठक , प्रीति और सुमन पाठक ने देवी मां की आरती उतारी। प्राचीन सरयू मंदिर के सुमन पाठक ने इसके पहले झांकी का दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में गोंडा विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, सोनू सिंह, सुनील सिंह , पूर्व विधायक पवन पांडेय, ब्रज मोहन दास श्रद्धालु भी पहुंचे।

## एंबुलेंस और ट्रक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



रविवार की सुबह उस समय चीख पुकार मच गई जब शहर के त्रिपुला चौराहे के निकट लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाईवे 30 पर एंबुलेंस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ये हादसा शहर कोतवाली के त्रिपुला चौराहे के पास में हुआ है। जब लखनऊ से मरीज छोड़कर वापस आ रही एंबुलेंस को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। गनीमत ये रही कि एंबुलेंस में कोई मरीज या उनके तीमारदार सवार नहीं थे, लेकिन एंबुलेंस में सवार दो एमटी और चालक घायल हो गए। जिला अस्पताल में इमरजेंसी में घायलों का इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया कि 108 एंबुलेंस यूपी 32 ईजी 0412 लखनऊ से पेशंट छोड़कर वापस लौट रही थी तभी जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुला चौराहे के निकट पहुंची ही थी, तभी एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। हादसे ने एंबुलेंस चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल आदित्य दुबे को हेडइंजरी होने के कारण लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जबकि दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# कराटे ग्रेडिंग बेल्ट टेस्ट सम्पन्न




जन एक्सप्रेस | रायबरेली

कराटे एसोसिएशन ऑफ रायबरेली के तत्वावधान में एक दिवसीय जूनियर कलर बेल्ट कराटे ग्रेडिंग परीक्षा रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी ओम नगर निकट पीएसी कॉलोनी गोरा बाजार में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से दाची, जुकी, ब्लॉक, किहोन, काता, योगा आसन एवं शारीरिक परीक्षा के साथ लिखित एवं मौखिक परीक्षा भी ली गई। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा को एनटीपीसी ऊंचाहार कोच राहुल कुमार पटेल, मुख्य कराटे प्रशिक्षक मास्टर राकेश कुमार गुप्ता के द्वारा संचालित की गई। इस परीक्षा को सफल बनाने में परीक्षक युवराज मौर्य एवं रितिका गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा में विभिन्न कराटेकारों ने भाग लिया। इस कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्हाइट से येलो बेल्ट में अखंड प्रताप सिंह, विराट सिंह, आर्यन जायसवाल, येलो बेल्ट से ऑरेंज बेल्ट में प्रानवी शुक्ला, अथर्व शर्मा, श्रेया कौशल और ऑरेंज बेल्ट से ग्रीन बेल्ट में आकृति भूषण, यक्षित भूषण, आदित्य प्रताप सिंह वहीं ग्रीन बेल्ट से ब्लू बेल्ट में रागी सिंह, अविका वहीं पर्पल से रेड बेल्ट में अनुप्रिया मौर्या, वैभवी केसरी, आराध्या शुक्ला, महरूम बेल्ट से ब्राउन सेकंड बेल्ट में प्रतीक सिंह शामिल हैं। यह जानकारी रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी के कोच कराटे प्रशिक्षक एवं परीक्षक सेंसाई आशीष जायसवाल ने दी और बताया कि मार्शल आर्ट प्रशिक्षण उच्च बेल्ट रैंक अर्जित करने के लिए एक आंतरिक प्रेरणा प्रदान करता है जो उन्हें ब्लैक बेल्ट अर्जित करने के करीब ले जाता है। नतीजतन, खिलाड़ी सीखते हैं कि कैसे छोटे लक्ष्य निर्धारित करने से बड़े, अधिक महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। इस मौके पर खिलाड़ियों के अभिभावक अनूप कुमार मौर्या, मौसम शुक्ला, रमेश शुक्ला, पन्ना लाल कौशल आदि मौजूद रहे।

# सरयू घाट पंडा समाज की तरफ से पक्का घाट पर मां सरयू की दिव्या झांकी सजी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा पर सरयू मैया की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती महोत्सव पर श्रीसरयू घाट पंडा समाज की तरफ से पक्का घाट पर मां सरयू की दिव्य झांकी सजी। यह 53वां ऐतिहासिक सरयू महोत्सव था, जिसमें साधु-संत से लेकर बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल रहे। झांकी की सुंदरता देखते हुए बन रही थी। अद्भुत, मनोरम झांकी के बड़ी संख्या में भक्तगण साक्षी बने। सुबह सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चारण संग सरयू मैया का सवा कुंतल दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। उसके बाद सायंकाल मां सरयू का पूजन-अर्चन हुआ। तदुपरांत 51 सौ बत्ती से मां की भव्य महाआरती उतारी गई और दीपदान किया गया। सरयू आरती व दीपदान से पूरा सरयू तट जगमगा रहा था। सायंकाल से लेकर देररात्रि तक संपूर्ण सरयू तट दीपों से रोशन रहा। अंत में जयंती महोत्सव का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर श्रीअयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी सरयू मैया का जन्म महोत्सव भव्यता से मनाया गया। जयंती महोत्सव पर पूजन-अर्चन, आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। तीर्थ पुरोहित समाज के अध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मां सरयू का अवतरण हुआ है। इसीलिए प्रतिवर्ष जेठ पूर्णिमा पर सरयू मैया का जन्मोत्सव मनाया जाता है। उसी उपलक्ष्य में इस बार भी सरयू मैया का जन्म महा महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। झांकी अध्यक्ष नंकू महाराज ने कहा कि जयंती महा महोत्सव पर सरयू मैया की दिव्य झांकी सजाई गई। झांकी का दर्शन कर साधु-संत, भक्तजनों ने अपना जीवन सफल बनाया। इस अवसर पर समाज के महासचिव प्रदीप महाराज, पूर्व सांसद लल्लू सिंह के भतीजे विवेक सिंह, नवीन शर्मा,महामंत्री ओमप्रकाश महाराज, नंदलाल महाराज, शंकर शास्त्री, छोटू महाराज, सुनील महाराज, श्याम महाराज आदि समेत बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। जिन्होंने सरयू मैया की झांकी का दर्शन-पूजन कर जीवन कृतार्थ किया।

## विवि के शोध छात्र एवं एबी वीपी प्रांत संयोजक सहित आठ छात्राओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर- अयोध्या

आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में विगत एक माह पूर्व छात्र के आत्महत्या से जुड़े प्रकरण में छात्राओं द्वारा आंदोलन करना भारी पड़ा ।विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र छात्राओं पर बड़ी अनुशासनत्मक कार्रवाई की है । छात्र आंदोलन के पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था कमेटी की रिपोर्ट पर विगत 21 जून को कृषि विश्वविद्यालय की विद्युत परिषद की 310 में बैठक में अनुशासनहीन छात्रों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में 23 जून को अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा पत्र जारी कर आठ छात्रों को उनके छात्रावास से अस्थाई रूप से निष्कासित करते हुए उनका वर्तमान सत्र शून्य करते हुए डिग्री पूर्ण होने के पश्चात 2 वर्षों तक इस किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश न मिलने की दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। छात्र पंकज यादव एमएससी एजी अंतिम वर्ष , हर्षवर्धन सिंह एमएससी द्वितीय वर्ष कामरान आजम एचडी फाइनल ईयर, विकास चौधरी बीएससी एजी प्रथम वर्ष, सदरा किदवई एचडी एग्रोनॉमी, ऋषभ मिश्रा एचडी फल विज्ञान, रंजना पीएचडी सामुदायिक विज्ञान छात्र-छात्राओं को दंडित किया गया है। ज्ञात हो कि विगत 13 मई को दोपहर बाद विश्वविद्यालय परिसर के सरयू छात्रावास के रूम नंबर 82 में बरेली के अमानपुर भगवतीपुर गांव निवासी एमएससी के शोध छात्र यशपाल सिंह पुत्र मलखान सिंह का शव फंदे से लटका मिला था। इसके बाद भड़के छात्र साथियों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

## किसान समस्याओं के समाधान को लेकर भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन रहा जारी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

किसान समस्याओं के समाधान को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा शहीद स्मारक तहसील परिसर में चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन जारी रहा। धरनाकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि हेतु फ्री बिजली देने की घोषणा एक छलावा है 31 मार्च 2023 तक विद्युत बिल जमा करने के लिए ह्लश्नस् योजना लागू की गई है जिसके लिए घरेलू कनेक्शन का होना अनिवार्य कर दिया गया है जो की उचित नहीं है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि विद्युत बिल पर किसी प्रकार का ब्याज व पेनाल्टी नहीं लगनी चाहिए क्योंकि सरकार की गलत नीतियों के कारण ही कृषि लागत बढी है और फसलों के लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा हैं तथा कई माहों से गन्ना मूल्य बकाया है ,गन्ना क्रय अधिनियम में 14.5त्न ब्याज देने की व्यवस्था के होने के बाद भी प्रशासन गन्ना मूल्य पर ब्याज नहीं दिला रहा है जिसके कारण विद्युत बिल बकाया है इसलिए विद्युत बिल पर किसी प्रकार का ब्याज व पेनाल्टी नहीं लगनी चाहिए, श्री वर्मा ने कहा कि यदि सरकार नेक नियति के साथ कृषि हेतु बिजली फ्री करना चाहती है तो किसी प्रकार की शर्त नहीं लगाना चाहिए ट्यूबेल पर मीटर लगाना तथा 140 यूनिट प्रति हॉर्स पावर ही फ्री करना बिल्कुल गलत है । प्रतिवर्ष पशु गणना कराकर पशुओं के कानों में टैग लगाकर उसके मालिक तथा गौशालाओं का नाम दर्ज करके संरक्षित करते हुए छुट्टा जानवरों से खेती को बचाया जाए।

# मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से बनाई जा रही 31 सीसी सड़कें/ हॉटमिक्स, व आरसीसी नालियां, इंटरलॉकिंग

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पर राम नगरी के विभिन्न वार्डों मे आवागमन के मार्गो को सुगम बनाने व जल निकासी की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 32 सीसी सड़कों/हॉटमिक्स व इंटरलॉकिंग, आरसीसी नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 19.97 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में 17 स्थानों पर कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि 14 स्थानों पर निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है। एक स्थान बैटिंग गौशाला पर होने वाले निर्माण कार्य को फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों मे 32 स्थानों पर सीसी सड़कों का सुधार व आरसीसी नालियों/ हॉटमिक्स, इंटरलॉकिंग का निर्माण होना है। इसके लिए दशरथ कुण्ड वार्ड मे सात, सरदार पटेल वार्ड मे तीन, अवैद्य नाथ वार्ड में पांच, सीताकुंड मे एक, दर्शन नगर मे दो, साकेत नगर में चार, रामचंद्र परमहंस वार्ड में दो, साकेत नगर में तीन, लाला लाजपत राय वार्ड मे दो, सरदार भगत सिंह वार्ड में एक, जनौरा वार्ड मे एक, कौशलपुरी मे एक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मे एक, साकेत नगर मे दो, शिवनगर मे एक व बैटिंग मे एक सीसी सड़क व आरसीसी नाली का निर्माण होना था। बैटिंग गौशाला पर होने वाला निर्माण निरस्त कर दिया गया है। शेष 31 स्थलों पर निर्माण कराया जा रहा है।

### क्या कहते हैं नगर निगम अयोध्या के अधिकारी

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि 17 स्थानों पर निर्माण कार्य शत प्रतिशत पूरा हो चुका है जबकि 14 स्थानों पर निर्माण कार्य जुलाई माह मे पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने से लगभग 14 वार्डों मे सड़क व जल निकासी की समस्या समाप्त हो जाएगी।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 29°C |
| कानपुर | 37°C | 29°C |
| देहरादून | 34°C | 27°C |
| नई दिल्ली | 39°C | 32°C |

# योगी सरकार के प्रयास से सब मिलकर फिर करेंगे यूपी को हरा-भरा

- 35 करोड़ पौधे लगाने के लिए विभागों और मंडलों के लिए लक्ष्य निर्धारित
- वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़ तो ग्राम्य विकास विभाग सूबे में लगाएगा 12.59 करोड़ पौधे
- सभी 18 मंडल योगी सरकार के प्रयास को बढ़ाएंगे आगे, सर्वाधिक लक्ष्य लखनऊ मंडल को
- लखनऊ को 4 करोड़, कानपुर मंडल को 3.13 करोड़ का लक्ष्य तो अयोध्या में 2.20 करोड़ पौधों से आएगी हरियाली



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। योगी सरकार का यह भी निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए।

### विभागवार तय किया गया लक्ष्य

योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। 35 करोड़ पौधे के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.28 करोड़, राजस्व को 1.06 करोड़, नगर विकास को 35 लाख, उच्च शिक्षा को 18 लाख, रेशम को 14 लाख, लोक निर्माण, रेलवे व जलशक्ति को 13-13 लाख, बेसिक शिक्षा को 12 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 11 लाख, उद्योग को 9 लाख, औद्योगिक विकास व माध्यमिक शिक्षा विभाग को आठ-आठ लाख, गृह-पशुपालन को सात-सात लाख, ऊर्जा व सहकारिता को छह-छह लाख, आवास विकास, रक्षा व प्राविधिक शिक्षा को पांच-पांच लाख, श्रम व परिवहन विभाग को तीन-तीन लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

### 18 मंडलों में भी लगेंगे पौधे, सर्वाधिक लखनऊ मंडल में

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

### पौधरोपण के लिए इन भूमि का किया गया चयन

योगी सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहाए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के आसपास, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकिन्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि, नागरिकों की ओर से निजी परिसर में पौधरोपण कर यूपी को हरा-भरा किया जाए।

# फाइलेरिया पर योग असरदार पीड़ितों का हो रहा उपचार

- योगी सरकार की पहल से फाइलेरिया पीड़ितों का जीवन हुआ आसान
- नियमित योगाभ्यास व व्यायाम से आसान बना फाइलेरिया मरीजों का जीवन
- आईएडी सेंटर में मरीजों को सिखाया जा रहा योग व प्राणायाम के साथ देखभाल का तरीका
- फाइलेरिया नेटवर्क और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के कई मरीजों ने सही तरीके सीखकर जीवन को सहज बनाया



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश में फाइलेरिया को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत प्रदेश भर में विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं योगी सरकार ने योग के जरिये फाइलेरिया को मात देने में बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार की पहल का ही असर है कि फाइलेरिया से पीड़ितों का जीवन नियमित योगाभ्यास और व्यायाम से आसान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में सहयोगी संस्थाओं द्वारा लम्बे समय से समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग पड़े फाइलेरिया मरीजों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, इंदिरानगर लखनऊ में इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी (आईएडी) सेंटर खोला गया है, जहां फाइलेरिया मरीजों को देखभाल के तरीके, योग व प्राणायाम सिखाया जाता है। फाइलेरिया नेटवर्क और पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के कई मरीजों ने देखभाल के सही तरीके सीखकर जीवन को सहज बनाया है।

### योग और व्यायाम से सूजन हो रही कम

योग, व्यायाम और फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सूजन के प्रबंधन के बीच के संबंध को समझाते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी के योग परामर्शदाता संदीप कुमार ने बताया कि उपचार प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा और शवासन शामिल हैं। इलाज के साथ-साथ 14 दिनों तक नियमित योग और व्यायाम कराया जाता है। इसके बाद फॉलो-अप किया जाता है, तो मरीज कहते हैं कि अब तो अंधेरी सुरंग से प्रकाश की ओर आने जैसा महसूस होता है। इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड डर्मेटोलॉजी के कार्यकारी समन्वयक विभु राज कुमार पुष्टि करते हैं कि फाइलेरिया ग्रसित होने पर शरीर का लसिका तंत्र ठीक से काम नहीं करता और लसिका एकत्र होने से अंग में सूजन हो जाती है। ऐसी स्थिति में योग व व्यायाम का अभ्यास सूजन को कम करता है और लसिका तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करता है। बता दें कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाले इस संक्रमण को फाइलेरिया के रूप में दिखने में पांच से पंद्रह साल तक लग सकता है। इसका कोई कारगर इलाज भी नहीं है, इसलिए बचाव में ही सभी की सुरक्षा निहित है। फाइलेरिया उन्मूलन के दो प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया जाता है, पहला - सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए/आईडीए) राउंड) और दूसरा- रुग्णता और दिव्यांगता निवारण प्रबंधन (एमएमडीपी)। एमएमडीपी के तहत स्वास्थ्य विभाग ने सहयोगी संस्थाओं की मदद से फाइलेरिया मरीजों को प्रभावित हिस्सों को सही तरीके से धुलने, सफाई करने, सूजन कम करने और बीमारी को बढ़ने से रोकने के लिए योग और व्यायाम के बारे में प्रशिक्षित किया है। इससे मरीजों के प्रभावित हिस्सों की सूजन में कमी आई है, उन्हें यह भरोसा भी हुआ है कि थोड़े से प्रयास से वह जोखिम को टाल सकते हैं, अपने दैनिक कार्य खुद कर सकते हैं और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

### योग से फाइलेरिया का असर हुआ कम, खुद कर रहे अपने दैनिक कार्य

लखनऊ के सीतापुर रोड के छठा मील निवासी 55 वर्षीय गंगा प्रसाद ने बताया कि उनके दोनों पैर पिछले 10-12 साल से फाइलेरिया से प्रभावित हैं। इस वजह से उनकी दुकान तक बंद हो गयी और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई। काफी इलाज कराया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। नेटवर्क से जुड़कर दिन में कम से कम दो बार व्यायाम करने, प्रभावित अंगों को धुलने, साफ करने के नियम के बारे में सीखा और आईएडी केंद्र पर उपचार भी प्राप्त किया। अब पैरों और पूरे शरीर में हल्का महसूस होता है और काफी आराम है। इसी तरह कानपुर की नेटवर्क सदस्य 34 वर्षीया सुधा देवी का कहना है कि प्रतिदिन व्यायाम करने से पैरों की सूजन लगभग खत्म हो गयी है। 11 महीने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान योग और व्यायाम का अभ्यास कराया था, तब से प्रतिदिन कर रही हूं। पैर की साफ़-सफाई का भी ख्याल रखती हूं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि पिछले साल तक पैर में जिस पायल को नहीं पहन पाती थी, उसे अब आसानी से पहन लेती हूं और घरेलू काम भी आसानी से कर लेती हूं।

# अटेसुवा-शाहपुर में ट्रैक्टर से स्टंट कर रहे एक युवक की मौत, दो युवकों में लगी थी शर्त

- रेस में एक ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबने से ड्राइवर की गई जान

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार दोपहर अटेसुवा शाहपुर मैदान में शर्त लगाकर स्टंट करते वक्त ट्रैक्टर पलटने से युवक की दब कर मौत हो गई। भरी दोपहर सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में स्टंटबाजी की पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। इस बीच ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक का शव निकालकर सीतापुर के अटरिया हिम्मतनगर लेकर चले गए, स्टंटबाजी से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह जानकारी सामने आई।

### ट्रैक्टर के नीचे युवक तड़पता रहा, लोग वीडियो बनाते रहे

सीतापुर जिले के अटरिया थाना क्षेत्र के हिम्मतनगर गांव निवासी नीरज मोर्या पुत्र लल्लू मौर्या उम्र करीब (30) वर्ष शनिवार को लाल रंग महिंद्रा ट्रैक्टर लेकर इटौंजा के अटेसुवा आया था। जहां अजरैलपुर निवासी जोगेंद्र यादव के साथ ट्रैक्टर पर स्टंटबाजी करने की शर्त 15 हजार रुपए की लगीं थीं। 15 हजार रुपये का दांव जीतने के लिए दोनों ट्रैक्टरों के पीछे बीच में चेन बांधी गई। जिसके बाद नीरज और जोगेंद्र ने ट्रैक्टर को उल्टी दिशा में भगाना शुरू किया। तभी जोगेंद्र के गति बढ़ाने पर नीरज का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हवा में उठ गया और उल्टा पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने को देख जुटे ग्रामीण शोर मचाने लगे। तभी जोगेंद्र ने रफ्तार कम नहीं की। उसके ट्रैक्टर के साथ बंधा नीरज मोर्चा का ट्रैक्टर पलट गया था जिसमें दबने से मौत हो गई। उस वक्त वहां स्टंटबाजी का तमाशा देखने के लिए सैकड़ों लोग मौजूद थे। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के अटेसुवा के शाहपुर मैदान की है। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां पहले भी इस तरह की स्टंटबाजी होती रही है लेकिन स्थानीय पुलिस कोई रोक नहीं लगाती है।

### डीसीपी उत्तरी ने पूरी घटना के जांच के आदेश दिए

लखनऊ उत्तरी जोन डीसीपी अभिजीत आर शंकर ने बयान जारी कर बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए इटौंजा थाने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया हैं पुलिस ने दूसरे ट्रैक्टर चालक जोगेंद्र यादव को हिरासत में ले लिया है, दोनों ट्रैक्टर भी सीज किए गए है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों से मिली तहरीर के बाद मामले की जांच-पड़ताल कर कठोर कार्यवाहीं की जायेगी।



# गैर-इरादतन हत्या में एक व्यक्ति को महिगवां पुलिस ने गिरफ़्तार कर, भेजा जेल

- महिगवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सिर पर हमला करने वाले को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन के महिंगवा थानाक्षेत्र के अंतर्गत गुलालपुर के मजरा रामधीन पुरवा में जमीनी विवाद को लेकर एक युवक ने अपने विपक्षी रामरतन के सिर पर लोहे के हथियार से किया था हमला जिससे उनके सिर में गंम्भीर लगी थी। जिसका परिजनों की देखरेख में प्राइवेट अस्पताल में ईलाज चल रहा था तभी देर शाम ईलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गयी थी इस सम्बन्ध में उसके बेटे ने शनिवार की रात में थाना महिंगवा पर एफआईआर दर्ज करवाई थी। वहीं डीसीपी उत्तरी जोन अभिजीत आर शंकर के आदेशानुसार व बीकेटी एसीपी सुजीत दुबे के निर्देशानुसार तत्काल महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जाँच की तथा पुलिस टीम द्वारा नीरज पुत्र महिपाल निवासी ग्राम रामधीनपुरवा मजरा गुलालपुर थाना महिगवां लखनऊ उम्र करीब 24 वर्ष, व्यवसाय मज़दूरी करना को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया जायेगा।

# कॉमन सर्विस केंद्रों की ब्रांडिंग की जाएगी : जितिन

- केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने 'वीएलई संवाद' कार्यक्रम में सीएससी वीएलई के साथ की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



पीलीभीत में 'वीएलई संवाद' कार्यक्रम में राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय जितिन प्रसाद ने सौ सीएससी वीएलई के साथ मुलाकात की और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल और स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा ने राज्यमंत्री का बुकें और अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया।स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश में 1 लाख 62 हजार से अधिक सीएससी केंद्र जनता को सेवा दे रहे हैं, जबकि पीलीभीत जनपद में दो हजार से अधिक सीएससी वीएलई सक्रिय रूप से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र नागरिकों के पंजीकरण में सहयोग कर रहे हैं। ये केंद्र पीएम स्कीम पंजीकरण, डीबीटी भुगतान, बैंकिंग और आधार सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल ने आश्वासन दिया कि सीएससी योजना को स्थानीय नागरिकों तक पहुँचाने में सीएससी केन्द्रीय तथा राज्य कार्यालय त्वरित भूमिका निभाएंगे। राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा कि उनका यह पहला कार्यक्रम उनके कर्मभूमि पीलीभीत में हो रहा है। उन्होंने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के अधीन सीएससी कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने, नौजवानों को रोजगार के नए अवसर देने और सीएससी केंद्रों की सेवाओं को बिना किसी कष्ट के जनता को उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस केंद्रों की ब्रांडिंग की जाएगी ताकि स्थानीय नागरिकों को जानकारी हो सके। वीएलई की आमदनी बढ़ाने और स्थानीय लोगों को अधिक सेवाओं का लाभ देने पर भी चर्चा की। राज्यमंत्री ने नये बैंक बीसी वीएलई को बीसी पत्र जारी किया।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों,इण्टर कालेजों के सहायक अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के होंगे ऑनलाइन स्थानांतरण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों,इण्टर कालेजों में कार्यरत सहायक अध्यापकों एलटी एवं प्रवक्ताओं का वार्षिक स्थानांतरण सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया 24 जून को पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होगी और आवेदन की अंतिम तिथि 26 जून निर्धारित है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि शिक्षक और शिक्षिकाएं जानकारी के लिए कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 05 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 8317054632 और 8332870905 पर कॉल या व्हाट्सएप कर सकते हैं या ई-मेल के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।निदेशक ने बताया कि स्थानांतरण के इच्छुक आवेदक मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार वरीयताक्रम में अधिकतम 05 विकल्पों का चयन कर सकते हैं। स्थानांतरण के लिए उच्च गुणांक वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी। एक से अधिक आवेदकों के गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जाएगी।

# 15 जुलाई से टैबलेट में दर्ज होगी बेसिक शिक्षकों की उपस्थिति, सुबह-दोपहर दो बार लगानी होगी हाजिरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को डिजिटली एक्टिव करने को लेकर अपनी मुहिम को आगे बढ़ाने जा रही है। इस क्रम में प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर्स को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल मार्क किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम (चेहरा दिखाकर) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 15 जुलाई से यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार बीते काफी समय से परिषदीय स्कूलों में सभी तरह के कार्यों को डिजिटली किए जाने पर जोर दे रही है। इसी के तहत इन स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल मॉड्यूल तैयार किया गया है। यही नहीं, डिजिटल अटेंडेंस के लिए भी स्कूलों को टैबलेट और सिम प्रदान किए गए हैं।

### प्रेरणा पोर्टल पर विकसित किया गया डिजिटल रजिस्टर्स

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह परिषदीय स्कूलों के सभी रजिस्टर डिजिटल माध्यम से ही भरवाएं। स्कूलों में उपस्थिति, प्रवेश, कक्षावार छात्र उपस्थिति, मिड डे मील, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण, स्टाक, आय-व्यस्क एवं चेक इश्यू, बैठक, निरीक्षण, पत्र व्यवहार, बाल गणना और पुस्तकालय एवं खेलकूद रजिस्टर को डिजिटल किया गया है। पंजिकाओं के सरलीकरण तथा टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल माध्यम से उपयोग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्स नाम से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। वर्तमान में उपयोग की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही पंजिकाओं का डिजिटल फॉर्मेट तैयार किया गया है। इसके अनुरूप अब सभी एंट्री डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही अंकित की जाएंगी।



### विद्यालयों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं टैबलेट

12 डिजिटल रजिस्टर्स में टीचर अटेंडेंस रजिस्टर भी शामिल है। ऐसे में विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापकों एवं कार्मिकों को प्रतिदिन अपनी उपस्थिति डिजिटली दर्ज करानी होगी। इसमें विद्यालय आगमन से लेकर जाने तक का समय अंकित किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार समस्त अध्यापक 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक आगमन उपस्थिति प्रातः 7.45 से 8 बजे तक और प्रस्थान दोपहर 2.15 से 2.30 बजे तक लगाएंगे। वहीं एक अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन उपस्थिति सुबह 8.45 बजे से सुबह नौ बजे तक और प्रस्थान उपस्थिति 3.15 बजे से 3.30 बजे तक दर्ज कर सकेंगे। हालांकि फिलहाल, अग्रिम आदेश तक शिक्षक सुबह 7.15 बजे से 7.30 बजे तक उपस्थिति लगाएंगे और प्रस्थान उपस्थिति दोपहर 1.30 बजे से 1.45 बजे तक लगा सकेंगे।

### टैबलेट उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी

निर्धारित समय के बाद उपस्थिति मान्य नहीं होगी। विभाग द्वारा परिषदीय प्राथमिक/कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोग के लिए 2,09,863 टेबलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए टेबलेट उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। इन विद्यालयों में समस्त अध्यापकों एवं कार्मिकों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराए गए अपने मोबाइल नंबर/स्मार्टफोन से अपनी उपस्थिति प्रतिदिन अंकित की जाएगी। इसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति प्रमाणित की जाएगी। टैबलेट व स्मार्टफोन को जियोफेंसिंग के माध्यम से पहचाना जाएगा तथा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करते समय अध्यापक और प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

### छात्रों का पूरा डाटा भी होगा डिजिटल

इसी तरह कक्षावार स्टूडेंट अटेंडेंस रजिस्टर पर अध्ययनरत समस्त छात्रों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जाएगी। छात्रों के लिए उपस्थिति का समय एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह आठ बजे से नौ बजे तक और एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ बजे से 10 बजे तक दर्ज होगी। अभी अग्रिम आदेश तक सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक हाजिरी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त बच्चों के नामांकन के दौरान डिजिटल रजिस्ट्रेशन रजिस्टर में उनकी पूरी डिटेल दर्ज कराई जा सकेगी। इसमें छात्र का नाम, लिंग, जन्मतिथि, माता-पिता का विवरण, आधार संख्या आदि होगी। नामांकन करने पर सिस्टम द्वारा एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे प्रधानाध्यापक द्वारा डिजिटल रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। छात्र की डिटेल को प्रेरणा पोर्टल/प्रेरणा डीबीटी एप के माध्यम से भरा या अपडेट किया जाएगा। अंतिम कक्षा उत्तीर्ण व अन्य विद्यालय के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी किए जाने का विवरण भी डिजिटल रजिस्ट्रेशन डिटेल्स रजिस्टर में अंकित होगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# बाहरी बनाम उड़िया की जंग में खेत रहे नवीन

**जिस उड़ीसा के लोग पूरे देश में रोजगार और पढ़ाई के लिए फैले हुए हैं, जहां के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की तूती अमेरिका के सिलिकॉन वैली तक में बोलती है, उसी उड़ीसा के लोगों का अपना स्वाभिमान जाग उठा। उन्हें नवीन पटनायक तो पसंद रहे, लेकिन उनके उत्तराधिकारी के रूप में वी के पांडियन पसंद नहीं रहे। उड़िया बनाम बाहरी का नारा लगा और भारतीय जनता पार्टी ने इसे जन नारा बना दिया। इसका असर यह हुआ कि बीजेपी ने उस नवीन पटनायक को किनारे लगा दिया, जिन्होंने कभी उसका हाथ झटककर उसे किनारे लगा दिया था।**

*साल 2000..संसद का बजट सत्र चल रहा था..मार्च के पहले हफ्ते का कोई दिन था..लोकसभा में मंत्रियों वाली सीट की ओर एक सांसद धीरे-धीरे बढ़ रहा था..उस शख्स को देख लोकसभा की प्रेस गैलरी में हलचल मच गई..इस हलचल पर नीचे बैठे कुछ सांसदों की निगाह पड़ी..उनकी भी निगाह उसी ओर चली गई, जिधर रिपोर्टर देख रहे थे..इस बीच तत्कालीन सत्ताधारी गठबंधन के सांसदों की हथेलियां मेजों को थपथपाने लगीं..देखते ही देखते इस हथेली कोरस में समूचे सदन की हथेलियां जुड़ गईं..क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष, हर सांसद की थपेली जैसे एक लय में मेजों को थपथपाने लगीं थी..इस कोरस में शामिल नहीं था, तो संसद के कर्मचारी और अधिकारी, जिन्हें नियम-कानून इसकी अनुमति नहीं देते..सांसदों के इस अभूतपूर्व स्वागत से उस शख्सियत का अभिभूत होना स्वाभाविक था..इस औचक घटना के बाद वह व्यक्ति विनम्रता से और भर उठा.. वह शख्सियत थे वाजपेयी सरकार के इस्पात मंत्री नवीन पटनायक...फरवरी 2000 में हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में उनकी अगुआई में बीजू जनता दल ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त कर दिया..अपने अस्तित्व के बाद बीजू जनता दल का वह पहला विधानसभा चुनाव था, जिसमें उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी थी, जिसने 38 सीटें जीती थीं..तब उड़ीसा में नया इतिहास रचा गया। राज्य के कद्दावर नेता रहे बीजू पटनायक के इकलौते इंजीनियर बेटे के तूफान में बंगाल की खाड़ी के किनारे की धरती से कांग्रेस उड़ गई। तब नया इतिहास रचा गया था। उस जीत के नायक का लोकसभा में सम्मान के लिए अगर उस कांग्रेस के सांसदों को भी मजबूर होना पड़ा था, उसकी वजह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि उस शख्स की सादगी और विनम्रता रही। यह विनम्रता विगत 13 जून को भी भुवनेश्वर में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखी, जब भूतपूर्व शासक के रूप में नवीन पटनायक शपथ मंच पर पहुंचे। इसे संयोग कहें या कुछ और कि जिस बीजेपी की बैसाखी के सहारे नवीन पटनायक ने उड़ीसा में नया इतिहास रचा, उसी बीजेपी ने ठीक 24 साल बाद नवीन पटनायक को भूतपूर्व बना दिया। अठारहवीं लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में मिले सदमे से जब बीजेपी जूझ रही थी, उसी वक्त उड़ीसा ने पार्टी को सांत्वना देने का काम किया। राज्य की 21 लोकसभा सीटों में बीस पर एकतरफा जीत हासिल करके राज्य को एक तरह से कांग्रेस मुक्त बना दिया। विपक्ष को मिली इकलौती सीट नवीन पटनायक को मिली। इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। जनता दल के नेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बने। जब तक बीजू पटनायक जिंदा रहे, तब तक नवीन अमेरिका में इंजीनियर की नौकरी करते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद नवीन ने नई पार्टी बनाई और बीजू पटनायक की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। 2000 के चुनावों में जिस बीजेपी के साथ वे सत्ता की सीढ़ी नापने में कामयाब रहे, उस बीजेपी से उन्होंने बाद के दिनों में अपना रिश्ता तोड़ लिया और देखते ही देखते उड़ीसा के सबसे लोकप्रिय शख्सियत बन गए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**2024 के लोकसभा चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान को देखते हुए भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना विशेष अभियान चलाने जा रही है। आगामी दिनों में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जिसमें हरियाणा की 90 में से 35 सीट का फैसला किसान करते हैं। झारखंड की 81 में से 31 सीटों पर भी किसान असरकारी हैं। जबकि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों मे से 134 सीटें ऐसी हैं जहां किसान चुनाव परिणामों पर सीधा असर डालते हैं। भाजपा मतदाताओं का आभार जताने के लिए मतदाता अभिनंदन यात्रा भी निकालेगी। स्पष्ट है भाजपा एक गतिमान पार्टी है और वह अपने कार्यकर्ताओं को भी गतिमान बनाए रखना जानती है।**

# किसानों व गरीबों के साथ, एनडीए की सरकार



**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारत के लोकतंत्र की विशालता, लोकतंत्र के सामर्थ्य, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है. मैं यहीं का हो गया हूं।**

18वीं लोकसभा के गठन तथा शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन की सरकार ने अपना कामकाज प्रारम्भ कर दिया है। कठिन चुनौतियों में भी अवसर खोजने वाली भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संकल्प पत्र अमल में लाकर राजनैतिक गणित ठीक करने का अभियान भी आरम्भ कर दिया है। राजनैतिक विश्लेषकों का कहना है कि नए दौर की भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है। वो बात अलग है कि चुनावों में कभी सफलता मिलती है और कभी नहीं भी मिलती। वर्तमान लोकसभा में भाजपा को 241 सीटें प्राप्त हुई हैं। उसे उप्र, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र में अच्छा खासा नुकसान हुआ किंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तनिक भी विलम्ब न करते हुए भाजपा ने सबकुछ ठीक करने के लिए कमर कर कर अभियान आरम्भ कर दिया है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने पहली फाइल पर हस्ताक्षर करके किसानों की सम्मान निधि की अगली किश्त को मंजूरी दी। वहीं, कैबिनेट ने अपनी बैठक में गरीबों के लिए 3 करोड़ आवास बनाने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां जी 7 में भाग लेने के लिए इटली गये, वहीं भारत में उन्होंने सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र काशी की यात्रा की और किसानों को सम्मान निधि जारी करते हुए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने काशी में बन रहे स्टेडियम की प्रगति का अवलोकन भी किया। काशी में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे। साथ ही अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले। अभी जब विपक्ष यही दिखाने में जुटा हुआ है कि इस बार भाजपा का अपने दम पर बहुमत नहीं है तब भाजपा मतदाता अभिनंदन यात्रा के माध्यम से यह बताने के लिए जुट गई है कि ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर जनता ने भाजपा को ही दिया है। आंकड़ों के अनुसार विगत चुनावों में भाजपा के पास ग्रामीण इलाके की 201 सीट थीं जबकि पार्टी इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 126 सीट ही जीत पाई है। माना जा रहा है कि किसानों, युवाओं और महिलाओं का एक बड़ा वर्ग इस बार किसी



**काशी में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे। साथ ही अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले।**

न किसी कारण से भाजपा से नाराज हो गया जिससे उसकी सीटें काफी कम हो गयी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से किसान सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नाराज मतदाता को मनाने के साथ कई समीकरण साधने व संदेश देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हुआ ये चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता, लोकतंत्र के सामर्थ्य, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है. मैं यहीं का हो गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है और सरकार बनते ही सबसे पहले और सबसे बड़ा किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि आज 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के लिए नये साधन दोनो सुनिश्चित करेगी। कृषि निर्यात में हमें और आगे जाना है। किसान सम्मेलन को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया और प्रदेश के किसानों को बड़ा संदेश देते हुए उनकी नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है ताकि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनावों तक किसानों की नराजगी को कम करके लाभ लिया जा सके। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि व किसानों के लिए बहुत बड़ी बातें कही हैं। उनका कहना है कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान आत्मा। किसान भगवान के रूप हैं।इसी को ध्यान में रखकर सरकार किसानों के हित के लिए बहुत काम कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान को देखते हुए भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना विशेष अभियान चलाने जा रही है। आगामी दिनों में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जिसमें हरियाणा की 90 में से 35 सीट का फैसला किसान करते हैं। झारखंड की 81 में से 31 सीटों पर भी किसान असरकारी हैं। जबकि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों मे से 134 सीटें ऐसी हैं जहां किसान चुनाव परिणामों पर सीधा असर डालते हैं। भाजपा मतदाताओं का आभार जताने के लिए मतदाता अभिनंदन यात्रा भी निकालेगी। स्पष्ट है भाजपा एक गतिमान पार्टी है और वह अपने कार्यकर्ताओं को भी गतिमान बनाए रखना जानती है।

## एक्सप्रेस कविता

*अब कोई लौट कर नहीं देखता,*
*गुजरता है, देख कर नहीं देखता*
*हवा मे गुम ढेर पुरानी आवाजें,*
*वह अब सुनकर भी नही सुनता,*
*आंसुओं को पनाह नहीं आंखों में,*
*आंसू निकलकर, भी नही निकलता,*
*खोई आवाज को तलाशता हुन मैं,*
*अब गुम आवाजें कोई नहीं सुनता,*
*पैरों में रिसता लहू देखकर मेरे,*
*वह रुक कर भी,अब नहीं रुकता,*
*लम्हों के साथ गुजरता रहा मैं,*
*वक्त मुझे देख अब नही हंसता,*
*भीड़ में खड़ा हूँ, बुत की तरह, संजीव।*
*कोई अब पूछ कर भी नही पूछता*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

***तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है, पत्थर जैसे ना बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है***




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 25:23 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढा 15:54 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | ऐन्द्र, 11:51 |
| सूर्योदयः | 05:26 |
| सूर्यास्तः | 19:20 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 07:10-08:55 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:47 |

# जन एक्सप्रेस

**पुनः सब लौटाया !**

*बातचीत में है ताक़त ।*
*बढ़ा सियासी कद ।।*
*धीरे-धीरे फिर से ।*
*लगे मिलने पद ।।*
*कुछ दिनों की राजनीति ।*
*फिर यहां तक लाई ।।*
*लाने में भलाई है ।*
*फिर आवाज़ आई ।।*
*थे हुए आक्रामक ।*
*इसलिए हटाया ।।*
*जागा फिर ज़मीर ।*
*पुनः सब लौटाया ।।*
*अंदरखाने पहले ही ।*
*चली गई थी चाल ।।*
*किया था किनारा ।*
*ना हो कुछ बवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# आपके अंगों के लिए घातक हो सकती है माइलरी टीबी



**टीबी** एक संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरों तक आसानी से हो सकती है। इस बीमारी के कई प्रकार होते हैं, जो व्यक्ति के लिए जानलेवा बन सकते हैं। सांस लेने में परेशानी होना टीबी का एक आम लक्षण माना जाता है। माइलरी ट्यूबरोक्लोसिस एक दुर्लभ व गंभीर समस्या है। जब आप माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के संपर्क में आते हैं, तो आपको यह रोग हो सकता है। किसी भी उम्र में यह रोग हो सकता है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनको टीबी होने की संभावना अधिक होती है। माइलरी टीबी में बैक्टीरिया रोगी के रक्त में पहुंचकर अंगों को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में शरीर के अंगों की कार्यप्रणाली बाधित हो सकती है ,जिससे आपकी समस्या गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए इस स्थिति से बचने के लिए रोगी को सही समय पर इलाज की जरूरत होती है।

**माइलरी ट्यूबरोक्लोसिस क्या है?:** माइलरी ट्यूबरोक्लोसिस होने पर आपको सांस लेने में परेशानी हो सकती है। साथ ही, यह आपके लिए ऑक्सीजन लेवल को कम कर सकता है। ऐसे में व्यक्ति को थकान व कमजोरी बनी रह सकती है। माइलरी ट्यूरोक्लोसिस एक दुर्लभ स्थिति है, जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। इस समस्या में लोगों टीबी का कारण बनने वाला बैक्टीरिया (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस) रक्त में पहुंचरकर शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित कर सकता है। यदि, इसका समय रहते इलाज न किया जाए तो जानलेवा साबित हो सकता है।

**माइलरी ट्यूबरोक्लोसिस होने के कारण:** रिसर्च के अनुसार ट्यूबरोक्लोसिस का कारण बनने वाले बैक्टीरिया जब व्यक्ति के खुले घाव के संपर्क में आते हैं तो यह नसों के माध्यम से ब्लड तक पहुंच सकते हैं। इससे व्यक्ति को माइलरी ट्यूबरोक्लोसिस हो सकता है। इसके अलावा, पहले से टीबी के संक्रमित मरीज के पास मौजूद बैक्टीरिया के संपर्क में आने से टीबी हो सकता है। टीबी का बैक्टीरिया (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस) फेफड़ों को प्रभावित करता है, और यह फेफड़ों के जरिए भी रक्त तक पहुंच सकता है। ऐसे में यह बैक्टीरिया अन्य अंगों के टिश्यू को प्रभावित कर सकते हैं।

**एक्यूट माइलरी टीबी:** एक्यूट माइलरी टीबी आमतौर पर 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। इसमें व्यक्ति को शाम के समय बुखार आना, करीब दो सप्ताह से रात में पसीना आना, सुबह के समय तेज बुखार, कफ में खून आना, सांस फूलना, सिरदर्द, मितली और उल्टी की समस्या हो सकती है।

**क्रिप्टिक माइलरी टीबी:** क्रिप्टिक माइलरी टीबी आमतौर पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को प्रभावित करती है। इसमें व्यक्ति का वजन धीरे-धीरे कम होता है, थकान, हड्डियों में दर्द, आदि महसूस हो सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# आडम्बरों के घोर विरोधी थे संत कबीर




**योगेश कुमार गोयल**

**संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई।**

**मध्यकालीन** युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया। मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 22 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत् 1455 सन् 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता

**कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वतः ही हल हो जाती है।**



और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, ''महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है?'' संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई। वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वतः ही हल हो जाती है।

# सार्वजनिक शौचालय पर लटक रहा ताला, ग्राम प्रधान व सचिव बेपरवाह

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शुमार स्वच्छ भारत अभियान के तहत देश भर शहर से लेकर गांवों तक में सार्वजनिक जगहों सार्वजनिक उपयोग के लिए सामुदायिक शौचालयों का निर्माण लाखों रुपए खर्च बनवाने का कार्य किया गया,जिसके संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व सचिव के जिम्मे होता है। ग्राम विकास विभाग के भ्रष्ट जिम्मेदारों की बेपरवाही से अधिकतर सामुदायिक शौचालयों में ताले लटक रहें हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के कैंपियरगंज ब्लॉक के ग्राम सभा पोवा का है। जनपद के कैंम्पियरगंज विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम सभा पोवा में बने सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक उपयोग की बजाय शो पीस बना हुआ है कई वर्षों से सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुला है जिससे बाहर से आने वाले लोगों और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।






### बोले ग्रामीण- प्रधान और सचिव करते अपने स्वयं का विकास

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा में हुए विकास कार्य सिर्फ कागजों में है धरातल पर कुछ भी नहीं है, ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से गांव के विकास के धन से अपना स्वयं का विकास किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि केवल नाम के लिए सामुदायिक शौचालय बना है,जो बेहद ही घटिया निर्माण सामग्री से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शौचालय की जो टंकी बनी है इसकी खुदाई ज्यादा अंदर तक नहीं है ।

### झूठे आश्वासन देते जिम्मेदार, जनता हैरान परेशान

भ्रष्टाचार अन्याचार की खबरों को निरंतर प्रमुखता से प्रकाशित कर रहे हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस ने 12 फरवरी के अंक में सामुदायिक शौचालय की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था अधिकारीयों ने कार्यवाही के लिए आश्वासन भी दिया था परंतु विभागीय जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई के लिए दिए गए आश्वासन अब तक धरातल पर नहीं दिखा।

### जांच कर दोषियों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई - बीडीओ

मामले के संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है,जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली विभाग ने की ढाई लाख की राजस्व वसूली, दो पर केस दर्ज



जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

बिजली विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप। मीटर से बाईपास कनेक्शन बिजली संचालित करने पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ।विकास खंड आनन्दनगर में बिजली विभाग ने रविवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के अगुवा फरेंदा अधिशासी अभियंता चंद्रेश उपाध्याय ने बताया कि नगर पंचायत व आसपास के गांवों के 154 घरों में चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने ढ़ाई लाख रूपए राजस्व भी वसूलें।एसी का प्रयोग कर रहें आठ लोगों का लोड बढ़ा पाया गया। दों लोगों के खिलाफ मीटर बाईपास कर कनेक्शन चलाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इस अभियान में ढ़ाई लाख बकाया जमा राजस्व की वसूली की गई है।
दों उपभोक्ताओं द्वारा बिजली मीटर को बाईपास कर कनेक्शन चलाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। चेकिंग अभियान में सहायक अभियंता शाहिद अंसारी, अवर अभियंता कमलेश कुमार, दिलीप कुमार व अन्य लोग मौजूद रहें।

# खड्डा पुलिस ने किया रमजान हत्याकांड का खुलासा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी रेलवे अंडर पास के समीप 22 वर्षीय रमजान का शव गन्ने के खेत में मिला था। जिसका खुलासा रविवार को खड्डा पुलिस ने किया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में भेज दिया है।
सीओ उमेश चन्द्र भट्ट ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गांजा पीने के बाद नशे में दो दोस्तों में गली गलौज करने के दरम्यान गमछे से गला कसकर रमजान की हत्या कर दिया गया और उसका मोबाइल नहर में फेंक कर फरार हो गए।इस घटना में शामिल अरूण ऊर्फ अर्पण को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके द्वारा घटना के बावत बताया गया कि अरूण ,दीपू जायसवाल व रमजान आपस में दोस्त थे 18जून की शाम करीब 8 बजे तीनों लोग रेलवे ट्रैक पर बैठ कर गांजा पी रहे थे तभी




मृतक रमजान ने अभियुक्त की मृतक मां को भद्दी भद्दी गालियां देने लगा जिससे इनके बीच हाथापाई होने लगी वे सभी वहां से हटकर खेत के तरफ चले गए वहां जाने पर पुनः इन लोगों में गाली-गलौज हुआ इसके बाद गुस्से में अर्पण व दीपू ने रमजान को खुब मारा जिससे रमजान वहीं गिर गया और बड़बड़ाने लगा गुस्से में आकर दीपू के गमछे से दोनों ने मिलकर गला कसकर मार डाला और डर बस नहर के झाड़ियों में गमछा छुपाकर मृतक का मोबाइल नहर में फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अदद गमछा बरामद किया है। घटना के बाद मृतक के पिता की तहरीर पर खड्डा थाने में अज्ञात पर अपराध संख्या 193/2024 धारा 302 दर्ज कर पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दिया।
गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक शर्मा सिंह यादव ,का.धीरज कुमार राव,का.विश्वजीत यादव, उमेश यादव शामिल रहे।

## मुन्नी प्रसाद प्रबंधक,रामनरेश अध्यक्ष, गंगा चुने गए उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जिले के विकास खण्ड फाजिलनगर के किसान इंटरमीडिएट कालेज धौरहरा के प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को सोनभद्र इंटरमीडिएट कालेज मटिहनिया के पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रिका प्रसाद यादव की देख रेख में श्री राधा हरिजन प्राइमरी पाठशाला रहसूशुमाली पट्टी के प्रांगड़ में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से साधारण सभा के सदस्यों के द्वारा प्रबंध समिति का गठन किया गया।इसमें सर्वसम्मति से मुन्नी प्रसाद गुप्त को प्रबंधक,रामनरेश मद्देशिया को अध्यक्ष व गंगा प्रसाद सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। विश्वनाथ सिंह,हनुमान वर्मा,पारसनाथ सिंह,कपिलदेव प्रसाद गुप्त,माया शंकर,गुलाब प्रसाद,कैलाश यादव,हरिलाल यादव,मुन्ना अली कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए।चुनाव के दौरान हरिशंकर,कोमल,जटाशंकर,रामदरश, दिलीप कुमार,सुबास मद्देशिया,कमलेश,नेबूलाल,स्नेहलता,सुनील,रामप्रीत सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# शिवम ने साइकिल से एवरेस्ट फतह कर बनाया विश्व रिकॉर्ड महराजगंज का किया नाम रौशन, जनपद में हर्ष का माहौल

### बोले शिवम् के पिता,बेटे के हौसले को सलाम

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

कम उम्र के शिवम् साइक्लिस्ट ने सबसे ज्यादा यात्रा कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।कड़ी मेहनत और अपने साहस के बदौलत जनपद के लाल ने देश के नाम दों -दों विश्व रिकार्ड दर्ज कराया है। तमाम कठिनाइयों के बाद 36 दिन बाद काला पत्थर पर देश का तिरंगा फहराया, पिता रामाशीष बोलें ऐसे बेटे पर मुझे गर्व हैं। शिवम पटेल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महराजगंज जनपद के करौता गांव के रहने वाले हैं।वह 18 वर्ष की उम्र में तमाम कठिनाइयों को दूर कर काला पत्थर पर पहुंचकर देश का झंडा फहराया है जिससे महराजगंज जनपदवासी



अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे है और उन्हें श बधाई देते हुए मुकाम तक पहुंचने पर शुभकामनाएं दिये। इस यात्रा में 28 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा का विश्व रिकार्ड बनाने वाले शिवम ने काला पत्थर पर 5600 मीटर की ऊचाई पर पहुंचे और विश्व के पहले साइक्लिस्ट बनने का गौरव हासिल किया है। मौसम और दुर्गम रास्तों से जूझते शिवम के सामने कश्मीर में ऐसा मौका आया जब लगा कि यात्रा पूरी न हो सकेंगी लेकिन कुछ कर गुजरने का जुनून हौसला देता रहा और यात्रा के 36 वें दिन शिवम पटेल ने विश्व फलक पर तिरंगा लहरा दिया। बीते शनिवार को आक्सीजन की कमी ने परिजनों सहित जनपद को चिंता में डाल दिया था लेकिन परिस्थितियों से लड़ते हुए रविवार को सुबह सात बजे यात्रा शुरु कर शिवम पहले काला पत्थर पहुंचे और जनपद का नाम हिमालय पर अंकित कर इतिहास रचा दिया। कीर्तिमान बनते ही शिवम के गांव व जनपद में खुशी का माहौल है। एक दूसरे को बधाई देने के साथ लोग खुशी का इजहार कर रहे है। काला पत्थर के बाद शिवम एवरेस्ट बेस कैम्प के लिए निकल गये हैं, शाम तक वहां भी भारत का तिरंगा लहराएंगे। पिता रामाशीष पटेल बोलें बेटे के हौंसले और जज्बे को सलाम करता हूं।

# विठ्ठलपुर कांड: सपा सांसद रामभुआल निषाद रुद्रपुर पहुंचे हिरासत में लिए गए- मृतक के परिजनों से मिलने जा रहे थे

जन एक्सप्रेस। देवरिया

सांसद ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद बहुत पहले से लाश की राजनीति करते चले आ रहे हैं। पीड़ित परिवार को आर्थिक और कानूनी मदद देने के बजाय गांव में क्लेश बढ़ा कर क्षेत्र का माहौल खराब कर दिए। दो परिवारों के बीच के झगड़े को जातीय संघर्ष देने की राजनीति की जा रही है।
रुद्रपुर के विठ्ठलपुर गांव में मृतक दीपू निषाद के परिवार से मिलने जा रहे सुल्तानपुर के सांसद रामभुआल निषाद समेत सपा नेताओं के प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने रुद्रपुर में हिरासत में ले लिया गया। दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के समीप पुलिस ने बैरिकेटिंग कर सपा नेताओं को विठ्ठलपुर गांव जाने से रोक दिया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।



रविवार को सपा सांसद रामभुवाल निषाद, पूर्व विधायक मोहसिन खान, जिलाध्यक्ष व्यास यादव समेत सैकड़ों सपाई विठ्ठुलपर गांव जाने के लिए दुग्धेश्वरनाथ मंदिर के निकट पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिंकदर यादव के आवास पर जुटे। सपा नेताओं का हुजूम निकला तो पुलिस ने भारी पुलिस फोर्स के साथ रोक लिया। एसडीएम रत्नेश तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने गांव के माहौल को लेकर विठ्ठलपुर नहीं जाने को कहा। सपा नेता गांव में जाने की मांग करने लगे। जिस पर पुलिस ने सांसद समेत सपाईयों को हिरासत में लेकर देवरिया चली आई।
सांसद ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद बहुत पहले से लाश की राजनीति करते चले आ रहे हैं। पीड़ित परिवार को आर्थिक और कानूनी मदद देने के बजाय गांव में क्लेश बढ़ा कर क्षेत्र का माहौल खराब कर दिए। दो परिवारों के बीच के झगड़े को जातीय संघर्ष देने की राजनीति की जा रही है।
पीड़ित परिवार को घटना के मुताबिक कानून का समर्थन नहीं मिला। मंत्री को राजनीति करने के बजाय पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देनी चाहिए। हम पीड़ित परिवार से मिलकर आर्थिक सहायता देना चाहते हैं। लेकिन, प्रशासन हमें पीड़ित की मदद करने से रोक रहा है। पीड़ित परिवार की बात को सपा सुप्रीमो तक पहुंचाया जाएगा। सपाइयों ने प्रशासन पर उन्हे गांव में साजिश के तहत जाने से रोकने का आरोप लगाया।

## भैदवां में तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस। देवरिया

सोनाड़ी क्षेत्र के भैदवां गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। इसमें चोरों को केवल नकदी ही हाथ लगी। ग्रामीण रतजगा करने पर विवश हैं।
भैदवां में चोरों ने गांव के पिंटू मद्धेशिया के घर पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़कर चोरी का प्रयास किया। उसी रात काली मंदिर के निकट हीरालाल चौहान के परिवार के लोग छत पर सोए थे। चोर खिड़की की जाली तोड़कर घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखे चार हजार रुपये नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, गांव के ही कपिल मिश्र के घर में घुसे चोरों ने 3500 रुपये और जाते समय रामजानकी मंदिर का घंटा भी चुरा ले गए। इस संबंध में सीओ आदित्य कुमार गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। पता कराता हूं।

# सामाजिक न्याय के प्रहरी थे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

चारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा न्यू कालोनी स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी फिटनेस पार्क में उनकी प्रतिमा पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।
इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा प्रभारी श्रीनिवास मणि ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जीवन भर देश की एकता और अखंडता के लिये संघर्ष करते रहे, उन्होंने एक देश मे दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नही चलेंगे के नारे को लेकर सत्याग्रह किया।
किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी



का जीवन एक देशभक्त, एक शिक्षाविद और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता के रूप में जाना जाता है।
उन्होंने कहा कि मुखर्जी जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू करने के खिलाफ थे और इस कानून को हटाने के लिये जम्मू-कश्मीर में अपने प्राणों की आहुति दे दी।
केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2023 में धारा 370 हटाकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है।
कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पार्क में भारत माता के नाम पर पौधरोपण भी किया।
इस अवसर पर पूर्व मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अजय दुबे, हिमांशु कुमार, सुमन्त चतुर्वेदी, राकेश सिंह, नित्यानंद कुमार, बबलू मिश्र, सूरज, सत्येंद्र पाण्डेय उपस्थित रहे।

# बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर मुखर्जी को किया नमन

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया।
इस दौरान बड़हलगंज कस्बे के एक बूथ पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष अखण्ड प्रताप शाही ने कहा कि डॉक्टर. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण करते हुए कहा कि डाक्टर मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने के ख्यात शिक्षाविद् थे।
डॉ. मुखर्जी ने 22 वर्ष की आयु में एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा उसी वर्ष आपका विवाह भी सुधा देवी से हुआ। उनको दो पुत्र और दो पुत्रियां हुईं। वे 24



वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने। उनका ध्यान गणित की ओर विशेष था। इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गए तथा वहां पर लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। वहां से लौटने के बाद डॉ. मुखर्जी ने वकालत तथा विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत हो गए।
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लगे रहे। उन्होंने गांधी जी व कांग्रेस की नीति का विरोध किया, जिससे हिन्दुओं को हानि उठानी पड़ी थी।
एक बार आपने कहा- %वह दिन दूर नहीं जब गांधी की अहिंसावादी नीति के अंधानुसरण के फलस्वरूप समूचा बंगाल पाकिस्तान का अधिकार क्षेत्र बन जाएगा।% उन्होंने नेहरू और गांधी की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किया। यही कारण था कि उनको संकुचित सांप्रदायिक विचार का द्योतक समझा जाने लगा।
अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। डॉ. मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाने स्थापित करवाए। उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा।
1950 में भारत की दशा दयनीय थी। इससे डॉ. मुखर्जी के मन को गहरा आघात लगा। उनसे यह देखा न गया और भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे। एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। अतः कश्मीर का भारत में विलय के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्रयत्न प्रारंभ कर दिए। इसके लिए उन्होंने जम्मू की प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर आंदोलन छेड़ दिया।

## डाक्टर मुखर्जी कार्यकर्ताओं के पाथेय

अटल बिहारी वाजपेयी (तत्कालीन विदेश मंत्री), वैद्य गुरुदत्त, डॉ. बर्मन और टेकचंद आदि को लेकर आपने 8 मई 1953 को जम्मू के लिए कूच किया। सीमा प्रवेश के बाद उनको जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 40 दिन तक डॉ. मुखर्जी जेल में बंद रहे और 23 जून 1953 को जेल में उनकी रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गई। एनजीओ प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक महेश उमर ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व के आगे सम्पूर्ण देश नतमस्तक है। एक राष्ट्र, एक निशान और एक विधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए देश भर में आंदोलन कर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। अभी केवल जीवन के आधे ही क्षण व्यतीत हो पाए थे कि हमारी भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ. मुखर्जी की 23 जून, 1953 को मृत्यु की घोषणा की गईं। बंगभूमि से पैदा डॉ. मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था। बंगाल ने कितने ही क्रांतिकारियों को जन्म दिया है, उनमें से एक महान क्रांतिकारी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। उनके महान आदर्श हम सभी कार्यकताओं के पाथेय हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मण्डल महामंत्री राजकुमार निगम, मण्डल उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा निशा जायसवाल, प्रकाशवीर जायसवाल, पुरुषोत्तम जायसवाल, वीरेन्द्र गुप्ता वीरू, शिवम गुप्ता,आकाश गुप्ता, सुरेन्द्र मोदनवाल, पवन गुप्ता, संजय पटवा, उमेश यादव, संजय कसेरा, विकास गौंड, प्रकांत उमर, शोभित उमर, अशोक सम्राट, किसन उमर, अमन उमर, शुभम गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, विजय शर्मा, हिमांशु गौंड, हरिकेश यादव मौजूद थे।

# पुलिस ने जाली नोट गैंग के सरगना को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय के कुशल पर्यवेक्षण में एसएचओ, एस0ओ0जी0, सर्विलांस टीम मय पुलिस बल के द्वारा मदद से नकली नोट व नकली नोट बनाने की सामग्री सप्लाई करने वाले खेरी मानाजाट थाना कुण्डली जिला सोनीपता (हरियाणा) के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

क्वार्सी पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले आरोपी को इकरा पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी संजीत सिंह पुत्र खजान सिंह मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह सोनीपत के गांव खेरी मानाजाट थाना कुंडली का निवासी है। सीओ तृतीय अमृत जैन ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट की कार लेकर इकरा पब्लिक स्कूल से लगभग 50 मीटर आगे खड़ा हुआ था। जब पुलिस टीम पहुंची तो आरोपी घबरा गया और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी नकली नोट छापने वाले गैंग से जुड़ा हुआ है और अलीगढ़ में यह सामान सप्लाई करने आया था। उसके पास से नकली नोट छापने के 6 कंडल कागज, एक बोतल नकली नोट छापने वाला इसके साथ ही आरोपी के पास से पुलिस भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का फर्जी पहचान पत्र, सैंमसंग का फोन, एक आईफोन बरामद हुआ है। वहीं आरोपी जिस बिना नंबर प्लेट की सफेद कार से आया था, उसे भी पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नकली नोट बनाने वाले गैंग से जुड़ा हुआ है और उसके खिलाफ एक दर्जन नामजद मुकदमें हैं। आरोपी के खिलाफ उत्तरी दिल्ली के मोरिस नगर थाने में 10 नामजद मुकदमें हैं। इसके साथ ही गौतमबुद्धनगर (नोएडा) के साइबर क्राइम थाने में भी आरोपी के खिलाफ एक नामजद मुकदमा दर्ज है। सीओ तृतीय एएसपी अमृत जैन ने बताया कि आरोपी नकली नोट छापने वाले गैंग से जुड़ा हुआ है और पहले से ही उसके खिलाफ दिल्ली नोएडा में नामजद मुकदमें दर्ज है आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां दी हैं, जिसके आधार पर जांच करते हुए जल्दी ही पूरे गैंग का पर्दाफाश किया जाएगा। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में क्वार्सी थाना प्रभारी विजयकांत शर्मा, एसआई विजय कुमार, एसओजी टीम के हेड कांस्टेबल बृजेश रावत, नटवर सिंह, सुरेंद्र सिंह, बनी सिंह, क्वार्सी थाने के कांस्टेबल रिंकू कुमार और रवि कुमार शामिल रहे।




## दादों पुलिस द्वारा किसानों को गिरफ्तार करने पर आंक्रोश

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा सह-संयोजक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 18 जून 24 को मोर्चे के घटक संगठन भारतीय किसान यूनियन अधिकार द्वारा कोतवाली दादों पर धरना संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अवधेश यादव के नेतृत्व में दिया गया था धरना दौरान मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अतरौली एवं कोतवाल दादों के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित कर समापन हो गया था। जिसके 2 दिवस बाद षड्यंत्र तहत संगठन को बदनाम करने जैसा क्रम हुआ और किसी वायरल विडियो आधार पर धरनार्थी किसानों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही किसानों के वाहनों व धरने में सम्बोधन करने वाले साउंड सिस्टम डीजे एवं किसानों को गिरफ्तार कर लिया जाता है जिससे संगठन के सभी किसानों में आक्रोश व्याप्त है और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 24 जून को संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अवधेश यादव के नेतृत्व में कोतवाली दादों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रस्तावित किया जाएगा और मांगों को मानें जाने तक धरना जारी रहेगा।

## गौरव हत्याकांड में पीड़ितों का केस लड़ेंगे अधिवक्ता एपी सिंह

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

रविवार को अलीगढ़ पहुंचे सीमा हैदर के वकील एपी सिंह हरदुआगंज में हुए गौरव हत्याकांड के मामले में कलेक्ट्रेट के बाहर धरना और भूख हड़ताल कर रहे परिवारजनों से मिलकर उन्हें अपना समर्थन भी दिया। रविवार को अलीगढ़ पहुंचे और उन्होंने परिवार के लोगों को विश्वास दिलाया है कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा और वह उनकी ओर से न्यायालय में न्याय जरूर मिलेगा और वह उनकी ओर से न्यायालय में मजबूती से केस को पेश करेंगे। अलीगढ़ में मृतक गौरव के परिवार को समर्थन देने आए सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट देश के चर्चित मामलों में शामिल रहे हैं। वर्तमान में वह पाकिस्तान से आई सीमा हैदर की पैरोकारी कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने निर्भया हत्याकांड में सजा पाने वाले दोषियों की ओर से केस लड़ा था। अब वह अलीगढ़ के गौरव हत्याकांड में पीड़ितों की ओर से केस लड़ने का आश्वासन देकर गए हैं।



### गौरव हत्याकांड में धरने पर बैठी तीन महिलाऐ बेहोश

**अलीगढ़।** रविवार को कलेक्ट्रेट के बाहर चल रहे धरना प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा भी हुआ और विरोध में प्रदर्शन कर रहे गौरव के परिवार के लोगों की अधिकारियों और पुलिस से जमकर नोंकझोंक हुई और प्रदर्शन के दौरान धरने पर बैठी 3 महिलाएं बेहोश भी हो गई। महिलाओं के बेहोश होने के बाद प्रदर्शन कारी और ज्यादा उग्र हो गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। माहौल बिगड़ता देखकर मौके पर भारी संख्या में पुलिस भी पहुंच गई और लोगों को शांत करने की कोशिश की। वहीं हंगामे के बाद एसीएम मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत किया और जल्दी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### देवर ने भाभी के साथ की मारपीट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत गांव झोरियन निवासी धर्मवीर पुत्र राम भरोसी ने रविवार को थाना पिनाहट में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि रविवार सुबह वह अपने घर से किसी कार्यवश बाहर गया था तभी उसका छोटा भाई विजय वीर उसके घर में के पास उसकी जमीन में जबरदस्ती दीवार खड़ी करने लगा । जिसका धर्मवीर की पन्नी मार्गश्री ने विरोध किया तो धर्मवीर के भाई विजयवीर ने अपनी भाभी मार्गश्री के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी । पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विशाल हिन्दू सेना संगठन ने दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** विशाल हिन्दू सेना संगठन के ज़िलाअध्यक्ष आगरा सन्यदेव पाराशर व दैनिक जागरण के पत्रकार लवकुश पाराशर, शैलेंद्र पाराशर जी की माताजी के निधन पर रविवार को विशाल हिन्दू सेना संगठन के पदाधिकारीयो ने उनके निवास राजाखेड़ा रोड पिनाहट पर पहुंचकर श्रद्धाजली अर्पित की द्य विशाल हिन्दू सेना संगठन के पदाधिकारियों में राष्ट्रीय सचिव महिला मोर्चा अनीता राधव, जिलाअध्यक्ष महिलामोर्चा पूनम सोलंकी , जिलाउपाध्यक्ष महिलामोर्चा रश्मिभारद्वाज ,रीना पाराशर,रीना भारद्वाज, जिला सचिव अंकित पाराशर,तहसीलअध्यक्ष शैलेंद्र पाराशर,बॉबी पंडित ,प्रमोद नक्शा , चिरंजीलाल पाराशर मौजूद रहे।

### थ्रेशर में फंसकर किसान की मृत्यु

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** मूंग की फसल की मढाई कर रहे किसान की थ्रेसर में फंसकर मृन्यु हो गई है। थाना पिढौंरा क्षेत्र के गांव रामनरेश निवासी थ्रेसर स्वामी बंधारी सिंह मढैयन पुरा निवासी रविंद्र नाथ शर्मा के पांच बीघा मूंग की फसल की रविवार दोपहर करीब 1 बजे मढ़ाई कर रहा था। तभी थ्रेसर में फसल फंस जाने के कारण चलते हुए थ्रेसर के ऊपरी हिस्से को हटाकर फसल निकाल रहा था। तभी हाथ फंस गया। जिसके साथ ही पूरा शरीर अंदर जिक्र फंसने से शरीर के टुकड़े हो गए। मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने थ्रेसर को बंद कर काटकर बाहर निकाला।?तब तक बंधायी सिंह की मृन्यु हो चुकी थी। सूचना पर ग्रामीणों बड़ी संख्या में पहुंच गए। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ग्राम पंचायत दूरा के लव कहरवार पुत्र सुभाष कुमार को भारतीय सेना में लेफ़्टिनेंट बनने पर गांवों में जोशिला स्वागत किया गया जगह स्थानों पर माला स्वाफ़ा पहनाकर स्वागत किया गांव में ख़ुशी की लहर देखने को मिली

इस मौक़े पर विजेंद्र सिंह,ओमप्रकाश आर्य,ओमकान्त डागुर,विपिन अग्रवाल, जिप्नेश कहरवार,भूरी सिंह,अनिल कहरवार,धीर डागुर,विराट कहरवार,महेश शुक्ला, राजकुमार, ब्रजेश शुक्ला, शिशुपाल कटारा,आदि ग्रामीण उपस्थित रहे!!

## वारंट के बावजूद फरार भाजपा नेता कलेक्ट्रेट में करता रहा प्रदर्शन, फोटो वायरल

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

भाजपा नेता व प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीव उर्फ मोंटी जानलेवा हमले के प्रकरण में सोलह माह से फरार चल रहे है। कोर्ट से उन पर वारंट जारी किया गया है। लेकिन आरोपी से सांठ गांठ करने वाली पुलिस को वो ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। किंतु चार दिन पूर्व बजरंग दल के पदाधिकारियों के संग प्रदर्शन करते उनकी एक फोटो ने पुलिस की कार्रवाई पर प्रश्न चिंह लगा दिया है।

प्रकरण कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर लेदई मिश्र के पुरवा का है। यहां के नीरज पाण्डेय ने 5 फरवरी 2023 को प्राण घातक हमले सहित कई गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज कराया था। जिसमें रामनाथ, चंदे, अमरजीत, गुड्डु, सोहन, गिरिजा, भाजपा नेता चिरंजीव उर्फ मोंटी व उनके पिता उमादत्त आरोपित बनाये गए हैं। इस मामले में गिरफ्तारी न होने पर अभियोगी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया तो थाने से 16 मार्च 23 को रिपोर्ट भेजी गई कि कुछ आरोपित को नोटिस दी गई है। जबकि चिरंजीव, गिरिजा, सोहन लाल व अमरजीत के विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट जारी है। परन्तु कार्यवाही नहीं की गई।

मजिस्ट्रेट ने आपत्ति जताया। कहा कि इससे प्रतीत होता है कि गंभीर मामले में साल भर बाद पुलिस विवेचना में लापरवाही ही कर रही है। 30 मई को भेजे पत्र में मजिस्ट्रेट अमित सिंह ने एसपी से अपेक्षा जताई कि गुण दोष के आधार पर शीघ्र विवेचना पूरी कराई जाए। इसके बाद हाल के समय में कलेक्ट्रेट में बजरंग दल द्वारा किए एक प्रदर्शन में भाजपा नेता सम्मिलित हुए। उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हुआ कि पुलिस किस प्रकार आरोपियों से मिलकर कोर्ट के आदेशों की अवमानना कर रही है।



## तीसरे दिन सुपुर्द खाक किया गया किशोर, जनाजे की नमाज में सैकड़ों लोग हुए जमा, क्रिक्रेट मैच के दौरान चोट लगने से गई थी जान

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

तीसरे दिन किशोर एजाज को सुपुर्द खाक किया गया। उसके जनाजे की नमाज में सैकड़ों लोग जमा हुए। जैसे ही जनाजा घर से उठा तो सभी आंखें छलक उठी। बता दें कि क्रिकेट मैच के दौरान बल्ला सिर पर लगने से हाईस्कूल छात्र की मौत हुई थी।

बीते 21 जून की शाम मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के डींगुरपुर बनकेगांव निवासी मोहम्मद एजाज (16) पुत्र असलम अली के सिर में क्रिकेट मैच के दौरान साथी का बल्ला संयोगवश सिर में जा लगा था। एजाज को साथी खिलाड़ी सीएचसी मोतिगरपुर ले गए और वहां से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक छात्र एजाज के पिता सऊदी अरब में रहकर व्यवसाय करते हैं। उन्हें घटना की सूचना दी गई। वापस आने का उन्हें हवाई टिकट 22 जून की रात में मिला। जिसके चलते वह रविवार सुबह घर पहुंचे।एजाज के शव को परिजनों ने फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया था। आज जब पिता यहां पहुंचे और बेटे के शव को उन्होंने देखा तो फूट-फूटकर रोने लगे। लोगों ने उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने बड़ा दिल दिखाया, घटना को लेकर उन्होंने पुलिस को लिखित दिया कि घटना इत्तफाकिया है इसलिए हम शव का पोस्टमार्टम नहीं चाहते।

ग्रामीणों की उपस्थिति में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार रविवार दोपहर गांव के बाहर बाग में एजाज को गमगीन माहौल में नम आंखों के साथ सुपर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान पूरे गांव में मातम सा छाया रहा। गांव के साथी खिलाड़ियों का रो-रोकर बुरा हाल था।



## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

**पुलिस बता रही सुसाइड, परिजन बोले-पट्टीदारों ने की हत्या**

एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मामले को सुसाइड बता रही है। जबकि परिजन जमीनी विवाद में पट्टीदारों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र के उघड़पुर भटपुरा की है।

जानकारी के अनुसार उघड़पुर भटपुरा निवासी विकास शर्मा (32) पुत्र राजेंद्र शर्मा का शव गांव के प्राइमरी स्कूल के पास झाड़ियों में पेड़ से लटका मिला। उसे शाल से फांसी लगाई गई थी। परिजनों को सूचना मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया और घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को सीएचसी दोस्तपुर लेकर पहुंची। जहां बताया जा रहा है कि डॉक्टर ने बॉडी खोल कर चेक करना चाहा लेकर पुलिस ने डेड बॉडी खोलने की इजाजत नहीं दी। अंत में शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। पोस्टमार्टम में डेड बॉडी लेकर आए परिजनों ने शव पर चोट के कई निशान दिखाए। इस बाबत मृतक के बड़े भाई रोहित शर्मा ने बताया कि गांव क दबंग राम बोध पुत्र गौरी शंकर उर्फ पप्पू, अतुल, दिनेश उर्फ टोनी, रवि आदि ने उसके भाई की हत्या की है। यह हत्या जमीनी विवाद में की गई है। वही एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि चार भाइयों में चौथे नंबर पर था। मृतक की पत्नी चार माह के गर्भ से है। उसका एक बच्चा भी है।

## श्रद्धा पूर्वक याद किए गए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को विभिन्न बूथों पर बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। बूथ संख्या 216 पर नगर अध्यक्ष नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र के नेतृत्व में एकत्रित हुए लोगों ने भाजपा के शलाका पुरुष पंडित दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी।वही बूथ संख्या 210 पर कि.मो.जिला महामंत्री डा महेंद्र चौहान ,62 पर नगर महामंत्री विकाश निषाद, 225 पर नगर उपाध्यक्ष आनंद जयसवाल,232 पर नगर उपाध्यक्ष शीतल सोनी, ,204 पर नगर मंत्री अमित गुप्त,203 पर नगर मंत्री सतनाम सिंह, 185 पर शक्ति केंद्र संयोजक गौरव उपाध्याय आदि ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने बताया कि मुखर्जी का जो सपना था एक राष्ट्र, एक विधान, एक प्रधान को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके पद चिह्नों पर चलते हुए काश्मीर से धारा 370 को हटा कर पुरा किया। अन्य नेताओं ने भी डॉ. मुखर्जी के जीवन चरित्र और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर बूथों पर कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डाला। राष्ट्र सेवा के लिए उनके द्वारा स्थापित मानकों पर चलते हुए बताए गए रास्ते पर संकल्प लिया गया।इस अवसर पर विभिन्न बूथों पर वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सोनी,नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्त,सभासद आशीष सोनी,अजीत निषाद,मनीष सोनी,विनय मिश्र, बूथ अध्यक्ष दिनेश गुप्त,देवेंद्र मिश्र,महेश जयसवाल,उमेश जयसवाल,रणजीत राजभर,सिद्धू निषाद,रामलाल देवर्षि,विजय गुप्त,जीत बहादुर यादव,संतोष गुप्त,दीपचंद जयसवाल,नीरज जलालपुरी समेत मौजूद रहे।



## संविदा लाइनमैन का रातों-रात हुआ अंतिम संस्कार, 14वें दिन इलाज के दौरान लखनऊ में तोड़ा था दम, वित्तीय मदद देने पर माने परिजन

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

संविदा लाइनमैन की ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में मौत के 24 घंटे बाद शव मोतिगरपुर स्थित दियरा (कोड़िया) गांव पहुंचा। जहां प्रशासन ने पीड़ित परिवार की मांगों को मानते हुए रात को शव का अंतिम संस्कार कराया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी लगाई गई थी।

विद्युत उपकेंद्र दियरा के मोतिगरपुर फीडर पर सात जून को बेलवारी गांव की लाइन ठीक करते समय मोतिगरपुर थाना क्षेत्र दियरा निवासी मोनू गुप्ता हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गए थे। संविदा कर्मी को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। शुक्रवार रात 14वें दिन ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मोनू गौतम की मौत हो गई। मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। शनिवार को पीएम के बाद रात आठ बजे शव गांव पहुंचा और रात दस बजे अंतिम संस्कार किया।

मृतक के परिवार में पत्नी राजपति के अलावा दो बेटियां 14 वर्षीय लक्ष्मी और 10 वर्षीय आरती हैं। दोनों बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है। पत्नी की तहरीर पर शिकायत दर्ज की गई है। दुर्घटना बीमा के साथ पत्नी को पेंशन के रूप में रकम देने की बात कही गई है। मौके पर विभाग के लोगों ने 50 हजार चंदा जमाकर मदद दी है।



## औरंगजेब घटना ने लिया नया मोड़ व्यापारी परिवार की महिला ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ में 18 जून की रात को हादसे में जान गंवाने वाले मो.फरीद उर्फ औरंगजेब के खिलाफ व्यापारी परिवार की महिला की ओर से तहरीर दी गई तहरीर में औरंगजेब पर आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ व्यापारियों के घर में घुसा और हथियार के दम पर जमकर लूटपाट और महिलाओं के साथ मारपीट की। उनके कपड़े फाड़ दिए। जब मोहल्ले के लोग आए तो आरोपियों ने फायर भी झोंक दिया। जिसके बाद लोगों ने औरंगजेब को पकड़ लिया।

तहरीर में आरोप है कि 18 जून की रात 10 बजे व्यापारी परिवार की महिला को घर की छत पर कुछ आवाज सुनाई दी। वह छत की ओर गई, तो देखा कि जीने से 4-5 हथियार बंद लोग उनके घर के अंदर घुस आए। उन्होंने हथियार के बल पर सभी को बंधक बना लिया।

आरोपियों ने पूरे घर में जमकर लूटपाट की और तिजोरी में रखे सारे जेवर और करीब 3 लाख रुपए लूट लिए। आरोपी ने छत में मौजूद अपने साथी को यह जेवर, नकदी दे दिए, जिसे लेकर वह भाग गया। जेवर नकदी ले जाने वाले व्यक्ति को वह पहचानती हैं। फिर औरंगजेब ने उन्हें और परिवार की दूसरी महिला को बदनीयती से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए।

महिला द्वारा घटना के दौरान वह लोग चीख-पुकार रहे थे, जिसे सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए। मोहल्ले के लोगों ने घेराबंदी करके उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो आरोपियों ने गोली चला दी और मौके से भागने लगे। तभी एक व्यक्ति जीने से गिरकर चोटिल हो गया, जिसे लोगों ने पकड लिया जिसने अपना नाम मो. फरीद उर्फ औरंगजेब है। मोहल्ले के लोगों ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया वह कई दिनों से घर की रेकी कर रहा था और फिर घटना के दिन अपने साथियों के साथ आया था। औरंगजेब ने साथियों के नाम सलमान, तुफैल, आसिफ और जमील उर्फ अगफा टेलर बताया। जिसके बाद लोगों ने पुलिस सूचना दी। एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक ने बताया कि दोनों पक्ष की ओर से भी तहरीर मिली है। इसी आधार पर पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है। जांच में अगर किसी तरह की सत्यता पाई जाती है तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा और विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अग्रवाल मैरिज होम में चाहर खाप की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** रविवार को चाहर खाप के तन्वाधान में जारी चाहरवाटी के गांव गांव चलाए जा रहे चाहर खाप गठन हेतु जनजागरण अभियान के तहत अग्रवाल मैरिज होम अकोला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पहुंचे समाज से प्रबुद्ध जनों ने चाहर खाप के विस्तार तथा समाज की एकता और अखंडता को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व प्रधान राजवीर चाहर ने खाप द्वारा वंचित, पिछड़े तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने की बात कही। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने खाप पंचायत द्वारा गांव गांव आपसी झगड़ों को सुलझाने तथा किसानों के मुद्दों को प्रशासन के सामने उठाने की बात कही। वही किसान नेत्री सावित्री चाहर ने खाप में महिलाओं की पचास फीसदी भागीदारी तथा पीड़ित महिलाओं के सम्मान में खाप के सहयोग की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर देवाराम व संचालन पूर्व प्रधान जितेंद्र चाहर उर्फ लाला प्रधान अकोला ने किया।

## बेसुध नगर निगम के अधिकारी, कई वार्डों के हैंडपंप खराब

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

महानगर के ऐसे कई इलाके हैं जहां नगर निगम के अधिकारियों और नाकारा पार्षदों की अनदेखी के कारण हैड पंप बदहाल पडे हैं, कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। अधिकारियों के पास जुमले बाजी और तुगलकी फरमान के अलावा कुछ नहीं हैं। इसका जीता जागता उदाहरण वार्ड नं0 82 के सुदामापुरी और वार्ड 07 क्षेत्र नगला पला में क्षेत्र में कई हैण्ड पंप खराब पडे हैं। लेकिन पार्षद और नगर निगम अधिकारी झूठे वादों के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

सुदामापुरी में हैंड पंप की रिबोरिंग कराने के नाम पर जल महाप्रबंधक अनवर ख्वाजा पिछले 10 महीने से झूंठ बोलते चले आ रहे हैं, बार-बार क्षेत्रीय जेई पर टाल देते हैं, जब भी उनसे बात की जाती है, तो दो चार दिन का आश्वासन दे देते है, वह अपने अधीनस्थों को फोन पर आदेश तो देते हैं, लेकिन अधीनस्थ उनके आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

क्षेत्रीय लोगों में इस क्षेत्र पार्षद हरीश सैनी के प्रति भी आंक्रोश व्याप्त है, सुदामापुरी के लोगों का कहना है कि उनका पार्षद नकारा है, जो चुनाव जीतने के बाद कभी क्षेत्र में नहीं आया है। जो मेडीकल स्टोर चलाने में व्यस्त रहता है। जबकि हाल यह हैं कि पेयजल के अलावा नालियां भी टूटी हुई है इस क्षेत्र में जर्जर टूटी पाइप में गंदा पानी घुस जाता है। जब भी पानी आने के समय दूषित पानी आता है, लेकिन मजबूर नागरिक क्या करें कोई भी सुनने वाला नहीं है। सुदामापुरी में मात्र एक हैंड पंप साफ पानी के लिए था, वो भी डेढ़ वर्ष से खराब पडा हुआ है। वहीं वार्ड नं0 82 के मोहल्ला सुदामापुरी खराब पडा हैंड पंप विभागीय जिम्मेदारों के कार्यशैली और नौकरशाही प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। जिसके चलते भीषण गर्मी में यहां के वाशिंदे बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे। वार्ड नं0 07, नगला पला में भी आधा दर्जन से अधिकतर हैंड पंप काफी दिनों से खराब पडे हैं, लेकिन पार्षद का नकारा पन का जीता जागता सुबूत हैं। कारण खराब हैंड पंप शो पीस बने हुए, कई जगह पर तो ये हैंड पंप जमीन में धस गए चुके है।





# हादसे को दावत दे रहे नेशनल हाइवे के गड्ढे, खतरे में सफर

- एनएच 730ए पर गांव रंपुरा व एफसीआईसी गोदाम के पास बन गए गड्ढे
- दिन मे तो गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं वाहन पर रात में रहता है खतरा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



अगर आप पूरनपुर से घुंघचाई हाइवे पर वाहन से जा रहे हैं तो बेहद सावधानी बरतने की जरूरत हैं। क्योंकि गन्ना कालेज से कुछ आगे गांव रंपुरा, एफसीआईसी गोदाम से कुछ दूर कुंडा के पास हाइवे पर और घाटमपुर में पुल पर बड़ा गढ्डा है जो हादसे को दावत दे रहा है। हाइवे से रोजाना निकलने वाले वाहन चालकों को तो इन गड्ढों के बारे में पता है लेकिन अनजान चालक हादसे का शिकार हो सकते हैं। आरोप है कि अब तक जिम्मेदारों द्वारा गड्ढों के पास सावधानी के लिए संकेतिक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं।

पूरनपुर से पुवायां वाया मैगलगंज तक नेशनल हाइवे 730ए है। इस हाइवे पर बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। हाइवे का निर्माण हुए कई साल बीत गए हैं। ऐसे में पुलियां धंसने लगी हैं। उनके पास गड्ढे बनने लगे हैं। बतादें कि पूरनपुर से घुंघचाई तक गांव घाटमपुर में त्रिवेणी घाट पुल, रंपुरा एफसीआई गोदाम के समीप कुंडा और गन्ना कालेज से कुछ आगे गांव रंपुरा कपूरपुर में बनी पुलियों के पास हाइवे पर बड़ा सा होल (गड्ढा) बन गया है। ऐसे में वाहन चालकों को बेहद सावधानी बरतनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि रोजाना हाइवे से निकलने वाले वाहन चालकों को इन गड्ढों के बारे में जानकारी है लेकिन अनजान लोगों के लिए गड्ढे खतरा साबित हो हो रहे हैं। दिन के वक्त वाहन चालक तो गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं लेकिन रात के वक्त आए दिन कोई न कोई वाहन इनकी चपेट में आ रहा आरोप है कि हाइवे पर गढ्डा बने काफी दिन हो गए हैं। बावजूद अब तक इनको सही नहीं कराया गया है और न ही जिम्मेदारों द्वारा गड्ढों के दोनों तरफ सावधानी से संबंधित संकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं। इन गड्ढों से हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने जल्द ही क्षतिग्रस्त हाइवे को ठीक कराने की मांग की है। ताकि हादसे की नौबत न आए।

## हरदोई ब्रांच नहर में मिला महिला का शव

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में हरदोई ब्रांच नहर में महिला का शव उतराते देखा गया। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। देर शाम तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। रविवार दोपहर मधोटांडा थाना क्षेत्र के हरदोई ब्रांच नहर के चांदूपुर पुल के पास महिला का शव उतराते देखा गया। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला का शव नहर से बाहर निकाल। महिला की शिनाख्त के लिए आस-पड़ोस के लोगों को जानकारी देकर प्रयास किए गए। देर शाम तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अचल कुमार ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



# घुंघचाई क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय, आधा दर्जन किसानों के पंपिंग सेट चोरी

- ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में भारी रोष
- एक भी वारदात का राजफाश नहीं कर सकी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



मनबढ़ चोरों के आगे पुलिस पस्त दिख रही। चोर पुलिस को चुनौती देकर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे है। चोर आधा दर्जन किसानों के खेतों पर लगे पंपिंग सेट चोरी कर चुके हैं।बीती रात थाना से पांच सौ मीटर दूर चोरों ने पुलिस को फिर चुनौती दे डाली।चोर किसान के खेत में लगा पंपिंग सेट चोरी कर फरार हो गए। पुलिस को वारदात की भनक भी नहीं लगी। पुलिस की लापरवाह कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। बीते एक माह से घुंघचाई थाना क्षेत्र में चोरों का गिरोह पूरी तरह सक्रिय हो गया हैं।ताबड़तोड़ हो रही वारदातों से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस गस्त पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। चोर दो सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में लगे पंपिंग सेट चोरी कर चुके हैं। पुलिस एक भी वारदात का राजफास नहीं कर सकी है। घुंघचाई निवासी करुणा शंकर बाजपेई के खेत में पंपिंग सेट लगा हुआ था।शनिवार रात अज्ञात चोर घुंघचाई थाना से पांच सौ मीटर दूर के खेत में लगा पंपिंग सेट चोरी कर फरार हो गए। इससे पहले ऊंचाई निवासी रामकृष्ण शर्मा के खेत में लगा पंपिंग सेट चोरी कर ले गए थे। चोर शुक्रवार रात्रि शहबाजपुर निवासी कुलदीप सिंह के खेत पर लगा पंपिंग सेट चोरी फरार हो गए। घनश्यामपुर निवासी परमजीत सिंह, घुंघचाई निवासी राम बहादुर त्रिवेदी और दिलावरपुर निवासी रवि शुक्ला, बलरामपुर निवासी कल्याण सिंह के खेत में लगे पंपिंग से चोरी हो चुके हैं। ताबड़तोड़ हो रही वारदातों से रात्रि गस्त का दावा करने वाली पुलिस की पोल खुल गई है। थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से किसानों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है की पुलिस रात्रि में अगस्त नहीं कर रही। चोरों में पुलिस व्यवस्था का तनिक भी खौफ नहीं है। मौका लगते ही चोर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

### 16.50 लाख की चोरी का नहीं हुआ राजफाश

5 जून की मध्यरात्रि घुंघचाई थाना की बलरामपुर पुलिस चौकी से दो सौ मीटर दूर स्थित सिकन्दर यादव के घर दाखिल हुए चोर जेवरात और नगदी समेत 16.50 लाख की चोरी कर फरार हो गए थे।सूचना के बाद जांच करने पंहुचे बलरामपुर चौकी प्रभारी अवधेश कुमार व तन्कालीन इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार वारदात को संदिग्ध बताकर मामले को दबाने का प्रयास करते रहे। मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।वारदात के बाद से पुलिस लगातार हवा में हाथ पांव मार रही है।

> पंपिंग सेट चोरी होने की तहरीर मिली है। पूर्व में किसानों ने पंपिंग सेट चोरी की तहरीर दी है। मुकदमा भी दर्ज किए गए हैं। रात्रि गशत बढ़ा दी गई है। पुलिस चोरों की तलाश में लगी है। शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी कर माल बरामद किया जाएगा।
>
> **विशेष कुमार**
> **थाना प्रभारी घुंघचाई।**

## पति को वापस लाने के लिए पत्नी ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी मधुलिका सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर दक्षिण अफ्रीका के इथोपिया शहर में नौकरी के लिए गए पति को बंधक बनाए जाने वाले पति को वापस लाने की गुहार लगाई है।

पत्र में मधुलिका सिंह ने महाराजगंज के ठूठी बारी निवासी विनोद कुमार त्रिपाठी व राधेश्याम त्रिपाठी पर आरोप लगाया है कि उनके पति विपिन सिंह को पूर्वी अफ्रीका के येसू पी एल सी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गेलान के सिटी ऑफिस अबाबा इथियोपिया में नौकरी करने के लिए 23 अगस्त 2021 को भेजा गया था। वहां ले जाने के बाद कंपनी के मैनेजर विनोद कुमार त्रिपाठी द्वारा मेरे पति को मानसिक यातनाएं दी जा रही हैं। काम करवाने का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है और जब पति द्वारा घर भेजने की बात की जाती है तो विनोद त्रिपाठी द्वारा दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी दी जाती है तथा धमकी में कहा जाता है कि कहीं भी शिकायत कर लो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा मेरी पहुंच ऊपर तक है। शुक्रवार को किसी के फोन द्वारा किसी तरह से विपिन सिंह ने मामले की जानकारी अपने स्वजनों को दी जिसके वजह से स्वजनों में हड़कंप मच गया। इस संदर्भ में जानकारी लेने के लिए जब सीओ केरकात प्रतिमा वर्मा को उनके सी यू जी नंबर पर पर फोन किया गया तो दो बार फोन करने के बाद भी उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। से वह दिखवाते हैं।

# वीएलई संवाद कार्यक्रम में राज्य मंत्री भारत सरकार जितेंद्र प्रसाद द्वारा किया गया सभी को संबोधित





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आज राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार जितिन प्रसाद ने जनपद में आयोजित वीएलई संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लगभग सौ सीएससी वीएलई के साथ मुलाक़ात कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल एवं स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा द्वारा राज्यमंत्री को बुके और अंग वस्त्रम के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में राज्य मंत्री का स्वागत करते हुये पीलीभीत जनपद में कॉमन सर्विस सेंटरों की अधतन स्थिति से अवगत कराते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश में 1 लाख 62 हजार से अधिक सीएससी केंद्र जनता के बीच अपनी सेवा देने का कार्य कर रहे है। जबकि, वही पीलीभीत जनपद में कुल दो हजार से अधिक सीएससी वीएलई सक्रिय रूप से सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र नागरिकों के पंजीकरण कराने में अपना सहयोग कर रहे है। चाहे पीएम स्किम्स में पंजीकरण हो, अथवा डीबीटी के भुगतान, बैंकिंग हो या आधार सेवा, आज सभी प्रकार के डिजिटल सेवा में सक्षम इन केन्द्रों की उपयोजिता काफी महत्वपूर्ण है। ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल ने का अभिवादन करते हुये यह आश्वस्त किया कि सीएससी केन्द्रीय तथा राज्य कार्यालय से सीएससी की योजना को स्थानीय नागरिकों तक सर्व सुलभ पहुँचाने में अपना त्वरित भूमिका निभायेगी। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री जितिन प्रसाद द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि, आप सभी जानते है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत हो चुकी है और मेरा इस मंत्रालय की ज़िम्मेदारी संभालने के बाद यह पहला कार्यक्रम है, जो मेरे कर्मभूमि पीलीभीत जनपद मे आप सभी के साथ हो रहा है। आज के कार्यक्रम का मेरा उद्देश्य यही है कि आप सभी से संवाद कर यह समझा जाय कि, आईटी और ईलेक्ट्रानिक्स मंत्रालय भारत सरकार के अधीन सीएससी कार्यक्रम को कैसे धार दिया जाय। नौजवानों को रोजगार के नए अवसर और आमदनी कैसे बढ़ाये जाय। तथा सीएससी केंद्र की सेवाओं को बिना किसी कष्ट के जनता को कैसे उपलब्ध कराई जाय। पहले तो इन कॉमन सर्विस केन्द्रों की ब्रांडिंग कराई जाय ताकि स्थानीय नागरिकों को यह पता चल सके कि यह जनसेवा केंद्र है कहाँ पर। तथा दूसरा यह कि आप सभी जो भी सेवा दे रहे है उनमें ऐसी और कौन सी सर्विस ऐड की जाय ताकि एक वीएलई के आमदनी को बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा सेवा का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री द्वारा नये बनाये बैंक बीसी वीएलई को बीसी पत्र भी जारी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मोहम्मद सिब्तेन, अपर जिला सूचना अधिकारी मिराज हुसैन समेत सीएससी राज्य मुख्यालय से इन्द्र शुक्ला, अजय चौबे, मनमोहन यादव, पंकज तथा संतोष कुमार आदि की उपस्थित रही।

# राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मझोला क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया

- जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के कार्यालय पर लगा जनता दरबार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



आज गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के कार्यालय पर जनता दरबार लगा कर मझोला क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया। ग्राम भदसरा निवासी परविंदर सिंह ने डियूनीडाम से भूड़ा कैमोर होते हुए उडरा तक बने मार्ग में दो साल के अंदर ही बदहाल हो जाने तथा तीन पुलिया ही नहीं बनाने की समस्या को रखा तो विक्की शर्मा ने कैमोर में पानी की पाइप लाइन डालकर रोड तोड़ देने और उसे ठीक ना कराने की शिकायत की जिस पर मंत्री जी ने तत्काल सम्बन्धित विभाग को फोन पर लेकर समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया। शाहजहांपुर से आये व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला ने व्यापारियों से सबंधित समस्याओं को उठाया। इससे पूर्व उनके नगर आगमन पर नगर के व्यापारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। जनता दर्शन कार्यक्रम की मझोला के पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल ने अध्यक्षता की और संचालन पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने किया। कार्यक्रम में प्रेम गोयल, अशोक गंगवार, राकेश बंसल, मोहित अग्रवाल, मनीष पटेल समेत बड़ी संख्या के क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे। इसके उपरांत मंत्री जी सरस्वती विद्या मंदिर गए जहां उनको स्मृति चिह्न और बुके देकर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल, प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, अभय भारत सिंह ने स्वागत किया। मंत्री जी ने पिछले कार्यकाल में विद्यालय में एक कमरा अपनी निधि से बनवाया था जिस हेतु उनको धन्यवाद पत्र सौंपा गया और मंत्री जी इस बार पांच लाख रुपए विधायक निधि से विद्यालय को देने की घोषणा की। तदुपरांत मंत्री जी आर्य समाज के कार्यक्रम में पहुंचे और वहां उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधन करते हुए कहा कि वास्तविक ईश्वर माता पिता होते हैं और उनकी सेवा ही स्वर्ग का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में धर्मांतरण कराये जाने की जानकारी मिल रही है जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिसे भी इसकी कोई जानकारी मिले वो इसकी सूचना उन्हें तथा उनके प्रतिनिधियों को दें। उन्होंने बताया कि उनके दोनों छोटे भाई शिशु मंदिर और विद्या मंदिर में पढ़े हैं जिससे उनका आत्मिक लगाव इन विद्यालयों से है।उन्होंने बताया कि मझोला क्षेत्र में भरा पचपेड़ा में शीघ्र ही बड़ी फैक्टरी शुरू होने जा रही है जिसका लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा वहीं मझोला सितारगंज मार्ग फोर लेन होने से विकास की मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि उनके जिला में ना रहने पर उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल समेत सभी स्थानीय प्रतिनिधि अधिकारियों से जनता की समस्याओं को हल कराएंगे।

# प्रेमी से नाराज प्रेमिका अपने दोस्त के साथ मिलकर पुराने प्रेमी को मारी गोली, हालत गंभीर



- पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

### मामी से हुआ प्यार तो मामा की कर दी हत्या

पीड़ित को अपने मामी से प्यार हुआ तो प्यार इस कदर बढ़ा कि पन्नी दो बच्चे होने के बावजूद अपने मामी मित्रों के साथ मिलकर कर मामा की हन्या कर दिया जिसमें जेल जा चुका है।

### पीड़ित महिला मित्र बनाने का है शौकीन

पुलिस सूत्रों की माने तो पीड़ित महिला मित्र बनाने का शौकीन है और पन्नी के होने के बावजूद तीसरी महिला मित्र हैं जिसे अपने जाल में फंसाना चाहता था इसी चक्कर में शाहगंज थाना क्षेत्र के ताखा चौराहे के पास कमरा दिलवाया फिर अपने जाल में फंसाया फिर धीरे-धीरे प्रेमी की हरकत जान प्रेमिका बनाने लगी थी दूरी।

### पुलिस प्रयुक्त असलहे की बरामदगी के लिए कर रही छापेमारी

पुलिस उक्त मामले में नामजद महिला एंव उसके मित्र को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ और टीम गठित कर अम्बेडकरनगर जिले में कर रही है छापेमारी।

> घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल किया गया है पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है दो लोगों को हिरासत में लिया गया है बहरहाल प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।
>
> **अजीत सिंह चौहान**
> **क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर**

प्रेमी से नाराज प्रेमिका अपने नये दोस्त के साथ मिलकर अपने पुराने प्रेमी को गोली मार कर फरार हो गई।पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले के जांच पड़ताल में जुटी।

बताया जाता है कि शनिवार देर रात लखनऊ बलिया राज्य मार्ग स्थित अरसिया मोड़ के पास सरपतहा थाना क्षेत्र के एकडला गांव निवासी अरुण कुमार गुप्ता पुत्र राजेंद्र प्रसाद गुप्ता 42 अपने घर से अपने धर्म कांटे पर जा रहे थें आरोप है कि मंजू पत्नी स्व0 पप्पू यादव निवासी सेल्हूपारा थाना अखंडनगर अपने दोस्त राजन पुत्र अज्ञात निवासी अकबरपुर जिला अम्बेडकरनगर के साथ अपाची मोटरसाइकिल से आयी और मुझे रोक कर राजन गाली देने लगा तभी मंजू के कहने पर राजन ने मुझे गोली मार दिया सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के हाथ पांव फूल गए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित को आनन- फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुईथाकला लाएं जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

- गांव के ग्राम प्रधान अजय चौहान ने बताया कि उसका एक बार एक्सीडेंट हुआ था

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जफराबाद थाना क्षेत्र के सिरकोनी रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर रविवार की सुबह एक युवक की ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। जलालपुर क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी राजकुमार चौहान पुत्र स्व उमानाथ चौहान उम्र 35 वर्ष अचानक घर से रविवार की सुबह दवा लेने के लिए निकला और सिरकोनी रेलवे फाटक व सिरकोनी स्टेशन के बीच मे अज्ञात ट्रैन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी है।

गांव के ग्राम प्रधान अजय चौहान ने बताया कि उसका एक बार एक्सीडेंट हुआ था वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज चल रहा था। ।आज सुबह उसकी तबियत खराब हुई वो दवा लेने के लिए रेलवे की पटरी को क्रॉस करके सिरकोनी बाजार में किसी चिकित्सक से दवा लेने के लिए जा रहा था। अचानक उसको चक्कर आ गया और वही पटरी पर गिर गया । जब तक वह उठ कर खड़ा होकर भागता उतने में ट्रेन आ गयी और उसका गला कट गया जिसकी मौके पर मौत हो गयी। जलालपुर क्षेत्र के त्रिलोचन बाजार के पास मकरा गांव में 2010 में तारा देवी से शादी हुई थी। मृतक के पास दो बच्चे है जिसमे एक लड़का व एक लड़की है। मृतक की पत्नी तारा देवी का करुण क्रदन सुनकर सभी की आंखों में आँसू आ गए , सबकी जुबान पर बस एक बात है कि अब मृतक की पत्नी की पहाड़ सरीखी जिंदगी अब कैसे बीतेगी। वहीं मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है। जीआरपी जफराबाद चौकी इंचार्ज प्रमोद यादव ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा जा रहा है। पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

# फंदे के सहारे लटकी मिली विवाहिता

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मजडीहां गांव में एक विवाहिता ने पंखे के हुक में साडी का फंदा बनाकर लटक गई। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के लोगो ने फंदे से लटकता देख दंग रह गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के मजडीहां गांव निवासी 26 वर्षीय सोनी यादव पत्नी विकास यादव ने शनिवार की देर रात कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रविवार सुबह परिजनों ने जब कमरे के अंदर पंखे से लटकता शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। विकास यादव का विवाह तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के खुटहन गांव निवासी सुरेन्द्र नाथ यादव की पुत्री सोनी यादव से हुआ था। दोनों से एक डेढ वर्षीय पुत्री जान्हवी है ।परिवार के लोगो ने फंदे पर लटकता देख दंग रह गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पिता सुरेंद्र नाथ यादव की तहरीर ले शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया ।मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया।डेढ वर्षीय पुत्री जान्हवी के उपर से मां का साया उठ गया। लेकर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# तमंचे के बल पर किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

- गांव के ही दो दो युवकों ने घर में बंधक बनाकर दिया घटना को अंजाम
- किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया केस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

पिता की गैरमौजूदगी में घर में घुसे दबंगों ने तमंचे के बल पर किशोरी का अपहरण कर लिया। इसके बाद घर में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि वह हरियाणा में काम करने गया था। 24 मई की रात करीब 11 बजे गांव के कुछ युवक घर में घुस आए। उन्होंने तमंचे के बल पर बेटी का अपहरण कर उसे अपने घर ले गए। वहां बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। हरियाणा से वापस आने पर उसने घटना के बारे में बताया। इसपर परिजनों में खलबली मच गई। किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे उसके पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गांव के राधेश्याम, राजीव, अजीत व चंद्रपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अपराध निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## शादी का झांसा देकर युवक युवती का करता रहा यौन शोषण

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** युवक युवती से शादी का झांसा देकर वर्षों करता रहा यौन शोषण अब शादी करने से कर रहा है इंकार पुलिस पीड़िता के तहरीर के बावजूद मुकदमा दर्ज करने के बजाय समझौते का बना रही है दबाव। सरपतहा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने बगल गांव के एक सजातीय युवक पर शादी का झांसा देकर वर्षों से अवैध संबंध बनाने का आरोप की तहरीर स्थानीय थाने पर दी आरोप है कि उक्त युवक शादी करने का वादा कर यौन शोषण करता रहा और अब शादी करने से इन्कार कर रहा है जबकि अपने मोबाइल नंबर से मेरे मोबाइल नंबर पर अश्लील बातें भी करता था और मुझे और मेरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी दे रहा है।

# डबल डेकर बस खाई में जा गिरी, 24 यात्री घायल

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

रविवार सुबह सवारियों से भरी डबल डेकर लग्जरी बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गई। हादसे के समय बस में कुल 45 लोग सवार थे। जिसमें से 25 लोग घायल हो गए। 14 लोग गम्भीर रूप से घायल है जिनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि अन्य घायलों का इलाज सीएचसी सौरिख में चल रहा है। जौनपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 159 के पास अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। घटना सुबह 4 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने पर छिबरामऊ सीओ ओमकार नाथ शर्मा पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। गम्भीर रूप से घायल 14 लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि मामूली घायल 11 लोगों को सीएचसी सौरिख में भर्ती कराया है। घायलों में जंग बहादुर पुत्र कंचन राम यादव (52) निवासी ग्राम मुलनापुर थाना बदलापुर जिला जौनपुर, लकी बिंद





पुत्र यशवंत बिंद (18) निवासी ग्राम रसड़ा थाना बरदह जिला आजमगढ़, इशिका पुत्री पंकज कुमार (08) निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, सत्यम पत्नी पंकज कुमार (33) वर्ष निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, आराधना पुत्री कृपा शंकर (26) निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा, फरहान पुत्र कल्बे आबिद उमर (25) निवासी कायामुद्दीनपुर शेखपुरा थाना अकबरपुर अम्बेडकर नगर, काजल तिवारी पुत्री राहुल तिवारी (26) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राहुल तिवारी पुत्र विजय तिवारी (29) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर। राघव तिवारी पुत्र राघवेंद्र तिवारी (9 माह) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, इला द्विवेदी पुत्री राघवेंद्र प्रसाद (24) निवासी ऊंचगांव थाना धमोर जिला सुल्तानपुर, विकास मौर्य पुत्र रमेश चंद्र मौर्य (24) निवासी रामदासपुर निवादा थाना लाइन बाजार जिला जौनपुर, पूर्णिमा मौर्य पत्नी सुनील कुमार मौर्य (26) निवासी बरसठी थाना बरसठी जिला जौनपुर, शिवम पुत्र राधेगोपाल (24) निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा, अनीता सिंह पुत्री राघवेंद्र सिंह (23) निवासी जलालपुर जिला जौनपुर शामिल हैं।



### ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

सीओ छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा ने बताया कि जौनपुर से दिल्ली जाते समय बस ड्राइवर को झपकी आ गई थी। पलक झपकते ही बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे के किनारे पलट गई। हादसे में 25 सवारियां घायल हुईं। जिनमें से 14 को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। 11 घायलों का इलाज सौरिख सीएचसी में कराया गया। जिनमें से 2 लोग अपने घर भी चले गए।

# भाजपा ने डॉ. मुखर्जी को बलिदान दिवस पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी के प्रेरणा सूत्र रहे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित मौजूद समस्त पदाधिकारियों ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें याद कर नमन किया। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने डॉक्टर मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया।

मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री वहा का प्रधानमन्त्री कहलाता था। संसद में अपने भाषण में डॉ? मुखर्जी ने धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की।




अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तात्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नज़रबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उनके सपने को साकार किया गया और धारा 370 हटाने का काम किया आज काश्मीर में लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहर रहा है । इस मौके पर जिला महामंत्री राम वीर कठेरिया, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, हरि वक्स सिंह, संतोष चतुर्वेदी, विशाल शुक्ला , शिवेंद्र कुमार, शरद मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, पंकज राजपूत , सर्वेश राजपूत, पुस्कर मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों संबंधी कार्यशाला सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में प्रातः 07 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित नए कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा एवं भारतीय सक्ष्य अधिनियम) के संबधं में बैठक/कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला के प्रथम सत्र के दौरान तरूण कुमार, प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) एवं सुवाष, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी द्वारा कार्यकारी मजिस्ट्रेट की भूमिका एवं संबंधित धाराओं के बारे में विस्तार से बताया तथा द्वितीय सत्र के दौरान नवीन चन्द्र दुबे, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) रणजीत बहादुर सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी ने उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय (फौजदारी) के कार्य, साक्ष्य एवं प्रकिया के संबधं में विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि 01 जुलाई 2024 से नए कानून-दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय दण्ड संहिता-1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता-2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लागू किया जायेगा। उन्होने बताया कि नए कानून लागू होने पर कई धाराओं में बदलाब किया गया है। *जिसमें मुख्यता पूर्व में धारा 144 सी0आर0पी0सी0 की जगह धारा-163 बी0एन0एस0एस0 लगाई जायेगी।* इसी धारा के अंर्तगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के निषेधात्मक आदेश जारी किए जाते है जिसमे कर्फ्यू भी शामिल है। इसी प्रकार अन्य महत्पूर्ण धारायें भी इसमें शामिल की गयी है जो निम्नवत् है।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**चकलवंशी।** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर डीहा गांव के पास लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक और उसकी बहन की सास की मौत हो गई। युवक उन्हें उनके घर छोड़ने जा रहा था। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बम्हना निवासी हरिओम (21) पुत्र सीताराम कानपुर की एक फैक्टरी में मजदूरी करता था। गुरुवार को वह छुट्टी पर घर आया था। शुक्रवार को माखी थानाक्षेत्र के मझखोरिया गांव में रहने वाली बहन पूनम की सास नंदिनी (45) पत्नी कैलाश के बीमार होने पर उन्हें दवा दिलाने बाइक से सफीपुर आया था। देर शाम उन्हें घर छोड़ने जा रहा था। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर डीहा गांव के पास शुक्रवार रात करीब आठ बजे तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। घटना में हरिओम की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि नंदिनी घायल गईं। परिजन निजी अस्पताल में उनका इलाज करा रहे थे। देर रात इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। हरिओम तीन बहनों में अकेला भाई था। पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं। इकलौते बेटे की मौत से मां जयरती और अन्य परिजन बेहाल हैं। माखी थानाध्यक्ष संदीप मिश्र ने बताया कि युवक की मौके पर मौत हुई थी।

# पुरानी खुन्नस में युवक की पिटाई, ईंट-पत्थर व लाठी-डंडे से पीटा, मीडिया चैनल के युवक का मोबाइल भी तोड़ा



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उन्नाव जिले के शुक्लागंज में कोतवाली गंगा घाट क्षेत्र के मोहल्ला कंचन नगर मोड़ के पास शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक युवक की बाइक सवार कुछ दबंगों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना ठेले पर से आम खरीदने के दौरान हुई। बताया जा रहा है कि युवकों ने किसी पुरानी बात को लेकर युवक को पीटा है। सरे राह ईंट-बेल्ट से पिटाई होता देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जान बचाकर किसी तरह घायल युवक कोतवाली पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी युवकों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं, घटना का वीडियो वायरल हो गया है। मोहल्ला कंचन नगर निवासी अश्वनी गौतम पुत्र चंद्रशेखर ने बताया कि बीती रात साढ़े 11 बजे वह अपने कार्यालय से घर को लौट रहा था। कंचन नगर मोड़ के पास आम के ठेले से वह आम लेने लगा। तभी तीन बाइक से ऋषि नगर मोहल्ला निवासी मुन्ना माइकल, सूरज आजाद नगर निवासी सूरज उर्फ चीनी व नरेश और चार-पांच अज्ञात युवक आए।

### पुलिस ने दबिश देना शुरू की

सभी किसी पुरानी बात को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। दबंग युवकों द्वारा कट्टे की बट से सिर पर वार किए गए और ईंट-पत्थर व लाठी-डंडे से युवक की पिटाई की गई। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किसी तरह से घायल युवक खुद को बचाकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। वहीं, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मीडिया चैनल के युवक को मोबाइल भी तोड़ा

इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। कोतवाली गंगा घाट प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। घायल युवक यूट्यूब में एक चैनल भी चलाता है। किसी पूरानी बात को लेकर खुन्नस में मारपीट की घटना हुई है। वहीं, घटना का विडियो बना रहे एक मीडिया चैनल के योगेंद्र का दबंग युवकों ने मोबाइल तोड़ दिया, जिसकी तहरीर पुलिस को दिए जाने की बात कही गई है।

# एचटी लाइन के तार से छू गया किसान, करंट लगने से मौत, छत से बांस उतारते समय हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

मैनपुरी में रविवार की सुबह हाईटेंशन लाइन के तार से छूने से किसान की मौत हो गई। खबर मिली तो परिजन में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। लोग



पीड़ित परिजन को ढांढस बंधाते रहे। छत से बांस उतारते समय हादसा हुआ। घटना औंछा थाना क्षेत्र के ईकरी गांव की है। गांव निवासी रजनेश दिवाकर (36) के घर में रविवार की सुबह मजदूर काम कर रहे थे। रजनेश पास ही अपने दूसरे मकान में छत पर रखे बांस निकालने के लिए गया था। छत पर रखे बांस निकालने के दौरान किसी तरह से गीला बांस ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार से छू गया। करंट की चपेट में आकर रजनेश अचेत होकर छत पर ही गिर गया। जानकारी होने के बाद घर में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन परिजन किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# औद्योगिक फीडर से अलग की जाएगी गांवों की लाइनें

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला निर्यात प्रोत्साहन एवं उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। इसमें उद्यमियों ने बिजली, साफ सफाई व भूमि पर अवैध कब्जा होने की समस्याएं उठाईं। उद्यमियों ने भूमि विनियमितीकरण में देरी, औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली ट्रिपिंग, नाला-नालियों की साफ न होने, क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व भूमि पर अवैध कब्जों की समस्याएं रखीं। डीएम ने औद्योगिक भूमि पर अवैध कब्जे की जांच करने के आदेश सीओ सिटी को दिए। बिजली की ट्रिपिंग पर एक्सईएन को औद्योगिक फीडर से लगे गांवों की लाइनों को अलग करने के निर्देश दिए। उद्यमियों ने भूमि विनियमितीकरण में देरी, औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली ट्रिपिंग, नाला-नालियों की साफ न होने, क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व भूमि पर अवैध कब्जों की समस्याएं रखीं। डीएम ने औद्योगिक भूमि पर अवैध कब्जे की जांच करने के आदेश सीओ सिटी को दिए। बिजली की ट्रिपिंग पर एक्सईएन को औद्योगिक फीडर से लगे गांवों की लाइनों को अलग करने के निर्देश दिए।

# नीट में गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेसियों का धरना

**कन्नौज।** नीट में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेसियों ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम शुभ्रांत शुक्ल को सौंपा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश पॉलीवाल ने बताया कि नीट चार जून 2024 को जारी हुआ था, जिसमें कई अनियमितता जाहिर हुई पेपर लीक का आरोप भी विद्यार्थियों की ओर से लगाया गया। परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियों और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। जिसमें भाजपा शोषित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और हरियाणा में नीट से संबंधित भ्रष्टाचार के लिए कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई, जिससे पूरी परीक्षा ही दोषपूर्ण आशंका से ग्रसित है।

# ककवन डीपीएसएन इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक को समिति के सदस्यों और गणमान्यजनों ने याद किया

**जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह**

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र ककवन डीपीएस इंटर कॉलेज गौरव रहे समाजसेवक स्व. राज नारायण शुक्ल जी की स्मृति शेष के विशेष स्मरण में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभा का इस वर्ष भी आयोजन विद्यालय परिसर में हुआ। विगत कई वर्षों से श्रद्धांजलि सभा के उद्घोषक की महत्वपूर्ण भूमिका का सफल निर्वाहन करने वाले परम विद्वान कृपाशंकर चतुर्वेदी , क्षेत्र के कई वरिष्ठ जन पं रामबाबू द्विवेदी मयंक , पूर्व जिलाध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी एवं कृष्ण मुरारी शुक्ल , भागवत भूषण और विद्वान आचार्य रहे पंडित वाचस्पति शास्त्री और अति सम्मानित शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले शिक्षक नेता हरिश्चंद्र दीक्षित आदि जैसे गणमान्यों की उपस्थिति में हुआ श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन। श्रद्धांजलि सभा में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने अपने शब्दों में परम आदरणीय दिवंगत शुक्ला जी को सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णा मुरारी शुक्ल ने कहा वह वक्त था जब क्षेत्र में कोई संस्था नहीं थी उन्होंने किन परिस्थितियों में संस्था को खड़ा किया था आज हम उस संस्था रूपी पेड़ के फल खा रहे हैं लेकिन इसकी नीव मजबूत करने की और जरूरत है और संस्था को आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस अवसर पर आयोजक ललित शुक्ल प्रबन्धक डी पी एस एन इंटर कालेज , प्रभाकर श्रीवास्तव , वैद्यराज मदनमोहन , बिल्हौर इंटर कालेज प्रधानाचार्य सुरजीत यादव, समाजसेवी अजय कान्त बाजपेई , केशव त्रिवेदी , ओम प्रकाश अग्निहोत्री , शंभूशरण शुक्ल , मनोज ठाकुर , विनोद कुमार मिश्र , ब्रजेश पाल आदि लोगों सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# नाला खोदाई के बाद मिट्टी नहीं उठाई, बार-बार लगता रहा जाम

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

नाला बनाने के लिए ठेकेदार ने शुक्रवार रात खोदाई कराई। मिट्टी आधी सड़क तक फैला दी और सुबह तक उठान नहीं कराया। इससे शनिवार को बार-बार जाम लगता रहा। दोपहर में कुछ मिट्टी उठने पर कुछ राहत मिली। शहर के सिविल लाइंस में सिंचाई विभाग कार्यालय से कब्बाखेड़ा तक 1.10 करोड़ की लागत से नाला का निर्माण कराया जा रहा है। शुक्रवार रात को ठेकेदार ने करीब 30 मीटर तक खोदाई कराई। निकली मिट्टी को सड़क पर डाल देने से आधी सड़क बंद हो गई। यह लापरवाही शनिवार सुबह से ही लोगों के लिए मुसीबत बन गई। इसी मार्ग पर अधिकांश प्रशासनिक कार्यालय, न्यायालय और कचहरी होने से सुबह नौ बजे से आवागमन बढ़ा तो लंबा जाम लग गया। दो पहिया वाहन चालक तो गली-मोहल्लों और जेल रोड से होकर निकले लेकिन चार पहिया वाहन फंसे रहे। कई वीआईपी फंसे तो दोपहर में यातायात पुलिस के जवान सक्रिय हुए और यातायात सामान्य कराया।

*** दो पहिया वाहन चालक तो गली-मोहल्लों और जेल रोड से होकर निकले**

### ठेकेदार की लापरवाही पड़ी भारी

मार्ग पर नाला निर्माण कार्य शुरू करने की जानकारी, यातायात पुलिस को न दिए जाने से समस्या अक्सर बनी रहती है। इससे पहले दस जून को भी इस मार्ग पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही थी। सूचना देकर अगर कचहरी की ओर आने वाले चार पहिया वाहनों को जेल रोड मोड़ से घुमाकर पुलिस लाइन रोड से कलक्ट्रेट और हरदोई रोड पुल से निकाला जाता तो इतनी समस्या न होती।

# बिल्हौर नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 का फ्रीजर पानी की टंकी बनी ठूंठ, 12 दिन से बंद

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर नगर पालिका में फ्रीजर से ठंडे पानी का सपना देख रहे नगरपालिका वासी दर्जनों फीचर खराब पड़े हैं जिनके कंप्रेसर खराब होने की बात बताकर खोलकर लेकर चले गए नौटंकी में पानी आ रहा ना गम ना ठंडा वार्ड नंबर 5 सभासद शमीम उर्फ बबलू बस वाली वाले वहीं पर टंकी के बगल में दुकानदार साबिर ने बताया कि 12 दिन हो गए हैं कंप्रेसर खोल कर ले गए अभी तक सही नहीं हुआ है नाभि ठंडा पानी है कम से कम पानी तो पीने के लोगों को मिले यह सड़क बहुत चलती है अक्सर लोग प्यास के लिए रुकते हैं और चले जाते हैं जब उनको पानी ठंडा नहीं मिलता है तो यह पूछते हैं कि आखिरकार कब सही होगा उन्होंने बताया कि फ्रीजर का पानी नहीं मिल पा रहा कोई बात नहीं काम से कम पानी तो पीने को मिलते रहे सभासद से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन नहींलगा। जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि आखिरकार कब तक सही होंगे नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि यह हमारी जानकारी में नहीं जल्द इसको ठीक कराया जाएगा।



# इसरो का एक और कीर्तिमान

## दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले विमान की तकनीक का तीसरा परीक्षण भी सफल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को बताया कि उसने अपनी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (प्रक्षेपण यान को दोबारा इस्तेमाल इस्तेमाल करने की तकनीक ) का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया और वह सभी मानकों पर खरा उतरा। इस परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की। इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने आज के समय की सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल करने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा दिया है। इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में रविवार सुबह 7.10 बजे किया गया। इससे पहले इसरो रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया और इस दौरान तेज हवाएं भी चल रहीं थी, इसके बावजूद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने पूरी सटीकता के साथ रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

### हेलीकॉप्टर से हवा में छोड़ा गया प्रक्षेपण यान 'पुष्पक'

परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपण यान पुष्पक को साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इसके बाद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने स्वायत तरीके से रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैंडिंग के दौरान यान की गति करीब 320 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। बता दें कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग के वक्त स्पीड 260 किलोमीटर प्रतिघंटे और एक लड़ाकू विमान की गति करीब 280 किलोमीटर प्रतिघंटे होती है। लैंडिंग के वक्त पहले ब्रेक पैराशूट की मदद से प्रक्षेपण यान की गति को घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे पर लाया गया और फिर लैंडिंग गीयर ब्रेक की मदद से रनवे पर विमान को रोका गया।

### तकनीक की मदद से अंतरिक्ष मिशन की लागत घटेगी

परीक्षण के दौरान यान के रूडर और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की भी कार्यक्षमता की जांच की गई। भविष्य में प्रक्षेपण यान को अंतरिक्ष में भेजने और उसे वापस सुरक्षित धरती पर उतारकर फिर से अंतरिक्ष में भेजने के लिहाज से यह तकनीक बेहद अहम है। इस तकनीक की मदद से इसरो की लागत में काफी कमी आएगी क्योंकि किसी भी अंतरिक्ष मिशन में प्रक्षेपण यान की लागत काफी ज्यादा होती है और अभी एक बार इस्तेमाल होने के बाद यान को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। अब रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक की मदद से अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे की समस्या से भी निपटा जा सकेगा। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के लैंडिंग परीक्षण के दौरान यान में मल्टी-सेंसर फ्यूजन का उपयोग किया गया, जिसमें इनर्शियल सेंसर, रडार अल्टीमीटर, फ्लश एयर डेटा सिस्टम, स्यूडोलाइट सिस्टम और एनएवीआईसी जैसे सेंसर शामिल हैं। इसरो का कहना है कि इस परीक्षण में भी पिछले परीक्षणों के दौरान इस्तेमाल की गई यान की बॉडी और उड़ान प्रणालियों का फिर से इस्तेमाल किया गया, जो इसरो की डिजाइन क्षमता को दर्शाता है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के नेतृत्व में इस मिशन में इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी), इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी), श्रीहरिकोटा भी शामिल रहे। साथ ही वायुसेना के तकनीकी विभाग के साथ ही आईआईटी कानपुर, नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्री, इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रियल पार्टनर्स, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी अहम सहयोग किया।

# नीट पेपर लीक मामले में अब महाराष्ट्र का कनेक्शन, दो अध्यापकों से हुई पूछताछ




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा।

### सरकार ने पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी

विपक्ष और सामाजिक संगठन नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे हैं और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। बिहार पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। पुलिस अब सॉल्वर गैंग के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

### एनटीए प्रमुख को बदला गया

केंद्र सरकार ने अनियमितताओं की शिकायत के बाद नीट और यूजीसी नेट समेत कई अहम परीक्षाएं कराने वाली एजेंसी एनटीए को प्रमुख को बदल दिया है। साथ ही एक पैनल का गठन किया है, जो नीट परीक्षा में हुईं अनियमितताओं की जांच करेगा। बीती 5 मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा में करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे, लेकिन जैसे ही 4 जून को रिजल्ट घोषित किए गए और उसमें 1500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने का खुलासा हुआ तो मामला अदालत में पहुंच गया। इसके बाद एनटीए ने छात्रों को दिए ग्रेस मार्क्स हटाने और इन छात्रों की परीक्षा फिर से लेने का फैसला किया। आज इन 1500 से ज्यादा छात्रों की फिर से नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। साथ ही नीट के कथित पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है।

### दोनों अध्यापकों पर पेपर लीक में शामिल होने का संदेह

पुलिस को शक है कि ये दोनों अध्यापक नीट पेपर लीक मामले में शामिल हो सकते हैं। दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया। पुलिस ने दोनों को जरूरत पड़ने पर फिर से पूछताछ के लिए पेश होने का भी निर्देश दिया है। देश में इन दिनों नीट और यूजीसी नेट परीक्षाओं को लेकर हंगामा चल रहा है और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जांच की जा रही है। दरअसल नीट परीक्षा में पेपर लीक होने का शक है। वहीं यूजीसी नेट की परीक्षा सरकार ने रद्द कर दी है। सरकार का कहना है कि यूजीसी नेट का पेपर डार्कनेट पर लीक हो गया था, जिसके चलते परीक्षा के अगले दिन ही परीक्षा को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया गया।

# बिहार में अब तीसरा पुल हादसा, पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया।

### पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया

लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे।

### हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की

इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क में 40 फीट पुल बनने का काम चल रहा था। ढलाई के कुछ घंटे बाद ही पुल ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है।

### 22 जून को सीवान में गिरा था पुल

सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

### 18 जून को बकरा नदी पर बना पुल गिरा था

बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरुआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था, लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।

# साफ सुथरे ढंग से एक परीक्षा नहीं करा पा रही मोदी सरकार: प्रियंका गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



एक के बाद एक परीक्षाओं में धांधली सामने आने पर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने नीट पेपर लीक मामले में मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। कहा कि केंद्र सरकार ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को माफिया और भ्रष्टों के हवाले कर दिया है। बता दें, सरकार ने 23 जून यानी आज होने वाली नीट-पीजी परीक्षा भी स्थगित कर दी है। इससे पहले शिक्षा मंत्रालय ने पेपर लीक के आरोपों के बाद यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द कर दिया था। यह परीक्षा 18 जून को हुई थी और अगले ही दिन इसे रद्द कर दिया गया था। वहीं, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संचालित करने के लिए विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इन्हीं सब पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि नीट-यूजी पेपर लीक, नीट-पीजी परीक्षा, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-नेट परीक्षा रद्द। देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का आज ये हाल है।

### लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य...

उन्होंने आगे कहा, भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

### मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे

कांग्रेस नेता ने कहा कि हालत ये हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है। देश के काबिल युवा अपना सबसे कीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।

# सूरज रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच करेगी सीआईडी, यौन शोषण का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने रविवार को बताया कि जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ एक पुरुष पार्टी कार्यकर्ता के कथित यौन शोषण की जांच सीआईडी को सौंप दी गई है। पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना को हासन में अप्राकृतिक यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कुछ दिन पहले एक पार्टी कार्यकर्ता का कथित यौन शोषण करने के आरोप में सूरज रेवन्ना पर शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस मामले में सूरज के खिलाफ अप्राकृतिक अपराध सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूरज रेवन्ना द्वारा अपने परिवार के खिलाफ साजिश का आरोप लगाने पर परमेश्वर ने कहा, शिकायत आई है, इसके आधार पर कानून के अनुसार जो भी कार्रवाई की जानी है, वह की जा रही है। इसके अलावा मुझे किसी राजनीतिक साजिश के बारे में पता नहीं है, जिसका उन्होंने आरोप लगाया है। पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय से हासन के पुलिस महानिदेशक और पुलिस अधीक्षक को भेजे गए संदेश में कहा गया है, हासन जिले के होलेनरसिपुरा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में धारा 377, 342, 506, 34 आईपीसी के तहत दर्ज मामले को तत्काल प्रभाव से आगे की जांच के लिए सीआईडी को सौंप दिया गया है। मामले की फाइल को आगे की जांच के लिए तुरंत सीआईडी को सौंप दिया जाना चाहिए।

### पार्टी कार्यकर्ता के यौन शोषण का आरोप

गौरतलब है कि 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत की थी कि होलेनरसिपुरा के विधायक एच डी रेवन्ना के सबसे बड़े बेटे सूरज रेवन्ना ने 16 जून को घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में उसका यौन शोषण किया। शिकायत के आधार पर होलेनरसिपुरा पुलिस ने शनिवार देर शाम जेडीएस एमएलसी के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के भतीजे सूरज रेवन्ना (37) ने आरोपों का खंडन किया है। सूरज ने यह भी आरोप लगाया था कि व्यक्ति ने उनसे 5 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के लिए उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने सूरज रेवन्ना के करीबी सहयोगी शिवकुमार की शिकायत पर जेडीएस कार्यकर्ता के खिलाफ भी जबरन वसूली का मामला दर्ज किया। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ता सूरज रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का झूठा मामला दर्ज करने की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा है।



# मानसूनी बारिश में तेजी से पहले सरकार अलर्ट, शाह ने की अहम बैठक, बाढ़ से निपटने की तैयारी की समीक्षा की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हर साल मानसून की बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि के चलते बिहार, असम और अन्य पूर्वी राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं। इसी के चलते, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, गृह मंत्री ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।

### यह लोग बैठक में मौजूद रहे

केंद्रीय जय शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मौजूद रहे। इसके अलावा, जल संसाधन, नदी विकास और नदी संरक्षण, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण-वन और जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन और राजमार्ग, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य, एनडीआरएफ और आईएमडी के महानिदेशक, सीडब्ल्यूसी, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

### असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 1.17 लाख से अधिक लोग प्रभावित

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य में बाढ़ की स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी हुई है और राज्य के 10 जिलों में 1.17 लाख से अधिक लोग अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बाढ़ के पानी ने इन जिलों के 27 राजस्व सर्किलों में 968 गांवों को जलमग्न कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि अधिकारी वर्तमान में 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र चला रहे हैं। यहां वर्तमान में कुल 17,661 लोग शरण लिए हुए हैं। सरमा ने यह भी कहा कि कुशियारा नदी वर्तमान में बराक घाटी के करीमगंज में खतरे के निशान से ऊपर है।

# उरी में सुरक्षाबलों और आंतकियों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ की साजिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों के अनुसार, नियंत्रण रेखा के पास आतंकियों के एक समूह की हरकतों का इनपुट था, जिसके आधार पर सेना ने एलओसी के करीब कई जगहों पर नाके लगाए थे। इस दौरान सीमा पर संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। आतंकियों को पाए जाने पर उन्हें ललकारा गया, परिणाम स्वरूप मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी होते ही आतंकी भाग खड़े हुए। अधिकारियों ने बताया कि गोहालन इलाके में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबल इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। सेना ने बताया है कि उड़ी के पास एक आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई। आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। ऑपरेशन अभी चल रहा है। फिलहाल मारे गए आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल आतंकी की पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बालामुला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-ताइबा से जुड़े थे।

### कश्मीर में फिर आतंकवाद को जिंदा करने की साजिश रच रहा पाकिस्तान

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी मूल के विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से ज्यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा है।

### अमरनाथ यात्रा को लेकर अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां होंगी तैनात

अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं। पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है।

### पूरे जम्मू जिले में 15 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे

कुल मिलाकर पूरे जम्मू जिले में अर्धसैनिक बलों और पुलिस को मिलाकर करीब 15 हजार सुरक्षाकर्मी अलग-अलग जगह पर तैनात किए जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 20 फीसदी अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। एसएसपी जम्मू विनोद कुमार का कहना है कि यात्रा की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की जा रही है। कुछ संवेदनशील इलाके चिह्नित किए गए हैं, जहां पर विशेष सुरक्षा होगी।

**कहां-कहां तैनाती:** जम्मू में अर्धसैनिक बलों की 10 कंपनियां पहुंच चुकी हैं, जिन्हें पुरानी मंडी, राम मंदिर, पीरखो मंदिर, भगवती नगर आधार शिविर में तैनात किया गया है। इसके अलावा पुरमंडल मोड़ से लेकर झज्जर कोटली तक पूरे हाईवे पर जवान भेजे गए हैं। इसमें कुंजवानी, गंग्याल, सिद्दड़ा, नगरोटा का इलाका शामिल है। अगले कुछ दिन में अन्य कंपनियां भी पहुंच जाएंगी। इन अतिरिक्त कंपनियों के अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी लगाए जाएंगे। इन जगहों के अलावा पुलिस ने आरएस पुरा, सुचेतगढ़, अखनूर, परगवाल, झ्योड़ियां, खौड़, अरनिया, अब्दुल्लियां, मीरां साहिब क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान चिह्नित किए हैं, जिन्हें आतंकी निशाना बना सकते हैं। इन जगहों पर अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। इनमें आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ की कंपनियां शामिल हैं।

# कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर हुई 56, कई की हालत अब भी गंभीर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या रविवार को 56 हो गई है। जो कि शनिवार को 53 थी। चार अस्पतालों में भर्ती कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं इस मामले में संलिप्त 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। तमिलनाडु में 19 जून को कल्लाकुरिची हूच त्रासदी में मरने वालों की संख्या 56 हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि जहरीली शराब पीने से बीमार हुए 216 लोगों को तमिलनाडु के चार अस्पतालों में गिरफ्तार किया गया था।

# अब अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में मरीजों को नहीं लगना होगा लाइन में, शुरू हुई है नई व्यवस्था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में अब ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए अपना कार्ड बनवाने से लेकर इलाज कराने में लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। दरअसल संस्थान ने मरीजों को लंबी लाइन से छुटकारा दिलाने के लिए एक एप लॉन्च किया है। इस एप को डाउनलोड करने के बाद मरीज ओपीडी के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट नंबर खुद जनरेट कर सकेगा। इसके आधार पर ओपीडी में मरीजों को अपॉइंटमेंट भी मिलेगा और इलाज भी शुरू हो जाएगा। संस्थान की निदेशक प्रो. तनूजा नेसारी ने बताया कि एप के माध्यम से मरीजों को यह सुविधा देनी शुरू की गई है। वह कहती हैं कि इस एप में अपना लॉगिन आईडी बनाकर मरीज ओपीडी के कार्ड बनवाने के लिए जनरेट होने वाले नंबर से लेकर अपॉइंटमेंट और अपने पूरे क्लीनिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रख सकेगा। संस्थान में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज और बेवजह की लाइन में लगने से छुटकारा दिलाने के नजरिए से यह व्यवस्था की गई है। संस्थान की निदेशक प्रोफेसर तनूजा कहती हैं कि संस्थान में और भी कई सुविधाओं की शुरुआत की जा रही है। जबकि कई नई सुविधाओं की पहल हो चुकी है। संस्थान प्रशासन के मुताबिक इस एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने के लिए एक टोकन नंबर मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)